A copy of the abridged prospectus is made available on the website of the Company, the BRLMs and the Registrar to the Issue at **https://www.jio.com/platforms/** ; **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one; Registrar to the Issue, **KFin Technologies Limited** – www.kfintech.com., respectively.

AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORMS:

Bid cum Application Forms can be obtained from the Registered and Corporate Office of **JIO PLATFORMS LIMITED**, **Tel**: +91 22 7967 0000; BRLMs: **Kotak Mahindra Capital Company Limited**, Telephone: +91 22 4336 0000; **Morgan Stanley India Company Private Limited,** Telephone: +91 22 6118 1000; **BofA Securities India Limited,** Telephone: +91 22 6632 8000; **Axis Capital Limited**, Telephone: +91 22 4325 2183; **BNP Paribas,** Telephone: +91 22 3370 4000; **Citigroup Global Markets India Private Limited,** Telephone: +91 22 6175 9999; **CLSA India Private Limited,** Telephone: +91 22 6650 5050; **DAM Capital Advisors Limited,** Telephone: +91 22 4202 2500; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited,** Telephone: +91 22 6616 9000; **HDFC Bank Limited**, Telephone: +91 22 3395 8233; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited,** Telephone: +91 22 6864 1289; **ICICI Securities Limited,** Telephone: +91 22 6807 7100; **IIFL Capital Services Limited,** Telephone: +91 22 4646 4728; **Jefferies India Private Limited,** Telephone: +91 22 4356 6000; **JM Financial Limited**, Telephone: +91 22 6630 3030; **J.P. Morgan India Private Limited,** Telephone: +91 22 6157 3000; **SBI Capital Markets Limited,** Telephone: +91 22 4006 9807; **UBS Securities India Private Limited**, Telephone: +91 22 6155 6000; **and 360 ONE WAM Limited,** Telephone: +91 22 4031 7000; **Syndicate Members: HDFC Securities Limited** Tel: +91 2230753400, **Investec Capital Services (India) Private Limited** Tel: + 91 2268497400, **JM Financial Services Limited** Tel: +91 22 6136 3400, **Kotak Securities Limited** Tel: +91 2242858484, **SBICAP Securities Limited** Tel: +91 22 6943 2521, **Sharekhan Limited** Tel: +91 22 6750 2000, **360 ONE Capital Market Private Limited** ***(Formerly known as Batlivala & Karani Securities India Private Limited)*** Tel: + 91 022 40317000 / +91 022 40076000 **and 360 ONE Distribution Services Limited** Tel: 9321332882 and at the select locations of the Sub-syndicate Members (as given below), SCSBs, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid cum Application Forms will also be available on the websites of BSE and NSE and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchanges and SEBI.

Sub-Syndicate Members:

Almondz Global Securities Ltd, Ambit Capital Limited, Ambit Private Limited, Amrapali Capital & Finance Services Limited, Anand Rathi Share & Stock Brokers Limited, Anand Share Consultancy, ANS Pvt Limited, Asit C Mehta Financial Services Limited, Asit C Mehta Investment Intermediates Limited, Axis Securities Limited, Bajaj Financial Securities Limited, Bob Capital Markets Limited, Centrum Broking Limited, Centrum Capital Advisors Limited, Centrum Finverse limited, Centrum Wealth Management Ltd, Choice Equity Broking Private Limited, Dalal & Broacha Stock Broking Pvt Limited, DB(International) Stock Brokers Ltd, Eureka Stock & Share Broking Services Ltd, G Raj & Co. (Consultants) Limited, Globe Capital Market Limited, IDBI Capital Market Services Limited, Inga Ventures Pvt Ltd, Innovate Securities Pvt Limited, Intensive Fiscal Services Private Limited, Jhaveri Securities, Jobanputra Fiscal Services Private Limited, Kalpataru Multiplier Limited, Kantilal Chhaganlal Securities Pvt.Ltd, Keynote Capitals Limited, KJMC Capital Market Services Limited, Lakshmishree Investment & Securities Pvt Limited, LKP Securities Limited, Marwadi Shares & Finance Ltd, Mehta Equities Limited, Monarch Networth Capital Limited, Motilal Oswal Financial Services Limited, Motilal Oswal Securities Limited, Nextbillion Technology Private Limited, Nirmal Bang Securities Pvt Limited, Nuvama Wealth and Investment Limited (Edelweiss Broking Limited), Nuvama Wealth Management Limited, Pantomath Financial Services Limited, Patel Wealth Advisors Pvt Limited, Paytm, Prabhudas Lilladher Pvt Limited, Pravin Ratilal Share & Stock Brokers Limited, Religare Broking Limited, Religare Securities Limited, Rikhav Securities Ltd, RR Equity Brokers Private Limited, SMC Global Securities Limited, Standard Chartered Securities, Sundae Capital, Sunidhi Securities & Finance Ltd, Sushil Financial Services Pvt. Ltd., Systematix Shares & Stocks (India) Limited, Tanna Financial Services, Tradebulls Securities Private Limited, Trust Securities Limited, Viren M Shah, YES Secur ties (India) Limited, Zerodha

Escrow Collection Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Refund Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Public Issue Account Banks: Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

Sponsor Banks: Axis Bank Limited, ICICI Bank Limited, Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

UPI: UPI Bidders can also bid through UPI mechanism

Jio Platforms Limited has provided a toll free number to address any queries related to the Issue.

Toll free number: 1800 309 4001

You may also address your queries related to the Issue by typing **'Hi'** or **'Hello'** on

WhatsApp to 7977222222

For JIO PLATFORMS LIMITED
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Ms. Savithri Parekh
Company Secretary

Place : Mumbai, Maharashtra
Date : October 21, 2026

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them In the RHP.

Jio Platforms Limited is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the RHP with RoC on October 14, 2026. The RHP is made available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges, i.e. BSE at www.bseindia.com and NSE at www.nseindia.com, on the website of the Company at www.jio.com and on the respective websites of the BRLMs. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk, and for details relating to such risk, please see the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI and the Stock Exchanges for making any investment decision and should instead rely on the RHP, as filed with the RoC, for making investment decisions.

This announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (**"U.S. Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws in the United States. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold (i) in the United States solely to "qualified institutional buyers" (as defined in Rule 144A under the U.S. Securities Act) in transactions exempt from, or not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act, or (ii) outside the United States in "offshore transactions," as defined in, and in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales occur. There will be no public offering of Equity Shares in the United States.

खबर संक्षेप

राज्यपाल प्रो. घोष ने मां मनसा देवी के दर्शन किए

चंडीगढ़। राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने मंगलवार को पंचकूला स्थित ऐतिहासिक श्री माता मनसा देवी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और कल्याण की कामना की। मंदिर पहुंचने पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक आर्य ने राज्यपाल का स्वागत किया।

निजीकरण को बढ़ावा दे रही सरकार : राव

चंडीगढ़। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी को बिजली वितरण का लाइसेंस दिए जाने पर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकारी संस्थानों का निजीकरण करना भाजपा का मॉडल बन गया है। केंद्र की भाजपा सरकार सरकारी संस्थानों को निजी हाथों में सौंपने की राह पर चल रही है और अब उसी तर्ज पर हरियाणा की भाजपा सरकार भी बिजली वितरण व्यवस्था में निजी कंपनियों के प्रवेश का रास्ता खोल रही है।

खाना खाने आया युवक ट्रक की चपेट में आया

सोनीपत। मुरथल में सोमवार देर रात सड़क हादसे में दिल्ली निवासी 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक अपने दोस्त के साथ ढाबे पर खाना खाने आया था। दिल्ली के किराड़ी सुलेमान नगर निवासी नसीब ने मुरथल थाना पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त विकास के साथ बाइक पर मुरथल में खाना खाने आया था। बाइक नसीब चला रहा था, जबकि विकास पीछे बैठा था। इसी दौरान ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें विकास की मौत हो गई।

विजयादशमी पर अपने भीतर की बुराइयों को खत्म करने का लें संकल्प : नायब सैनी

अहंकार और अत्याचार नहीं, अन्याय के अंत के लिए हो शक्ति का उपयोग

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रोहतक में श्री सनातनी युवा फाउंडेशन के सम्मेलन को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई, अधर्म पर धर्म और अन्याय पर न्याय की जीत का संदेश देता है। रावण का पुतला जलाने के साथ हमें अपने भीतर मौजूद अहंकार, झूठ, द्वेष, भेदभाव, नशे और भ्रष्टाचार जैसी बुराइयों को भी समाप्त करने का संकल्प लेना चाहिए। आज के दौर में इन बुराइयों का अंत करना ही विजयादशमी का वास्तविक संदेश है। मुख्यमंत्री मंगलवार को रोहतक में श्री सनातनी युवा फाउंडेशन की ओर से आयोजित 'बुराई से अच्छाई की ओर' भव्य सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेशवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शक्ति का उद्देश्य अहंकार और अत्याचार करना नहीं, बल्कि अन्याय का अंत कर समाज में धर्म और न्याय की स्थापना करना है। भगवान श्रीराम द्वारा रावण का वध और मां दुर्गा द्वारा महिषासुर का संहार हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता है। हर युग में अधर्म ने सिर उठाया है, लेकिन धर्म ने सदैव उसका मुकाबला किया है।

योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचा रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामराज्य की परिकल्पना ऐसे समाज की है, जहां गरीबों को सम्मान, कमजोरों को न्याय, बहन-बेटियों को सुरक्षा और युवाओं को बिना भेदभाव आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें। सरकार की योजनाओं और सुशासन का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

नशे रूपी रावण को खत्म करेगी भाजपा सरकार



कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नशे रूपी रावण को खत्म करने का काम भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ही कर सकती है। उन्होंने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों पार्टियों ने युवाओं को नशे की दलदल से बाहर निकालने के वादे किए, लेकिन इस दिशा में अपेक्षित काम नहीं किया। मुख्यमंत्री विजयादशमी के अवसर पर कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने महाराजा शूरसैनी की प्रतिमा का लोकार्पण किया और जय भारत कला मंच की ओर से आयोजित शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

28 आईपीएस व एचपीएस अधिकारियों का तबादला, उपासना जींद की एसपी नियुक्त

- आईपीएस बी सतीश बालन, डॉ. अंशु सिंगला और धीरज कुमार सहित कई अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी

चंडीगढ़। हरियाणा में मंगलवार को भारतीय पुलिस सेवा के छह और हरियाणा पुलिस सेवा के 22 अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया गया। आईपीएस बी सतीश बालन, डॉ. अंशु सिंगला और धीरज कुमार सहित कई अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। गृह सचिव सुधीर राजपाल द्वारा जारी आदेश के मुताबिक आईपीएस कुलदीप सिंह को जींद के एसपी पद से हटाकर एसपी सीआईडी (मुख्यालय) के साथ एसपी एटीएस का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। एसपी सीआईडी उपासना को जींद का एसपी नियुक्त किया गया है। आइजी रेलवे एवं कमांडो सतीश बालन को आइजी आइआरबी भोंडसी और गुरुग्राम के डीसीपी मुख्यालय डॉ. अंशु सिंगला को आरटीसी भोंडसी के एसपी का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। एसपी पंचकूला पुलिस मुख्यालय धीरज कुमार को एआईजी ट्रेनिंग पुलिस मुख्यालय पंचकूला के साथ एसपी एचएसएनसीबी की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसपी एसवी एंड एसीबी मुख्यालय मोहित हांडा को राज्यपाल के एडीसी एवं के साथ एसपी लोकायुक्त हरियाणा का अतिरिक्त कार्यभार दिया।

28 एचपीएस बदले

एचपीएस अधिकारियों की बात करें तो पुलिस मुख्यालय पंचकूला में महिला सुरक्षा की एसपी नूपुर बिश्नोई को एआईजी वेलफेयर का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। आरटीसी भोंडसी की एसपी पूजा डाबला को एसपी, एसवी एंड एसीबी मुख्यालय लगाया गया है। एसवी एंड एसीबी के डीएसपी अमित बेनीवाल को हिसार का डीएसपी लगाया गया है। बाढ़ड़ा में तैनात डीएसपी जसपाल सिंह को गन्नौर का एसीपी बनाया गया है। डीएसपी एसवी एंड एसीबी मुख्यालय दिनेश कुमार को लोकायुक्त हरियाणा में डीएसपी तैनात किया गया है। गुरुग्राम में तैनात डीएसपी एसटीएफ इंदिवार को एसीपी गुरुग्राम लगाया गया है। झज्जर में एसीपी अपराध शमशेर सिंह को डीएसपी एसटीएफ मुख्यालय तथा डीएसपी एसवी एंड एसीबी सतीश कुमार गौतम को पंचकूला का एसीपी नियुक्त किया गया है। नीलाखेड़ी के डीएसपी महाबीर सिंह को डीएसपी एसवी एंड एसीबी मुख्यालय, डीएसपी करनाल राजीव कुमार को डीएसपी फतेहाबाद, डीएसपी सफीदों गौरव शर्मा को डीएसपी नारनौल, डीएसपी उचाना संजय कुमार को डीएसपी एसवी एंड एसीबी मुख्यालय, पानीपत के डीएसपी मुकेश कुमार को डीएसपी राज्य अपराध शाखा मुख्यालय, डीएसपी एचएसईएनबी (मुख्यालय) वीरेंद्र सिंह को डीएसपी एसीबी (मुख्यालय) में नियुक्त किया गया है।प्रथम आइआरबी भोंडसी के डीएसपी अनिल कुमार को हरियाणा महिला पुलिस बटालियन सुनारिया (रोहतक) भेजा गया है। नारनौल के डीएसपी ऋषि कांत को रोहतक का डीएसपी बनाया गया है, जबकि रोहतक के डीएसपी राकेश कुमार को चरखी दादरी भेजा गया है। अन्य कई अधिकारियों को भी ट्रांसफर किया गया है।

हिसार सड़क हादसे में कारोबारी के परिवार को बड़ी राहत, मुआवजा 86 लाख बढ़कर 1.14 करोड़ किया

- याचिका दाखिल करने की तारीख से भुगतान तक नौ प्रतिशत सालाना ब्याज भी मिलेगा

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सड़क हादसे में जान गंवाने वाले कारोबारी सुरेंद्र के परिवार को राहत देते हुए मुआवजा 27.93 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.14 करोड़ रुपये कर दिया है। जस्टिस हरकेश मनुजा ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, हिसार के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें सुरेंद्र की 75 प्रतिशत सहायक लापरवाही मानी गई थी। अदालत ने कहा कि हादसे के बाद वाहनों की स्थिति के आधार पर मृतक को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। मुआवजे पर ब्याज की दर भी 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर नौ प्रतिशत सालाना कर दी गई है। मामला 24 फरवरी 2014 का है। सुरेंद्र अपने भाई बिरेंद्र के साथ मारुति स्विफ्ट डिजायर कार से गुरुग्राम से हिसार जा रहे थे। पिपला पुल के पास सामने से आ रहे टाटा कैंटर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में सुरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने कुल 1.11 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा तय किया था, लेकिन सुरेंद्र की 75 % लापरवाही मानकर परिवार को केवल 27,93,936 रुपये देने का आदेश दिया था।

प्राइवेट कंपनी को पैरलल लाइसेंस के खिलाफ सड़कों पर उतरे बिजली कर्मचारी, कल से हड़ताल

चंडीगढ़। हरियाणा पावर रेगुलेटरी कमीशन द्वारा गुरुग्राम व नूंह की बिजली डिस्ट्रीब्यूशन में निजी कंपनी को एकतरफा पैरेलल लाइसेंस देने के फैसले के खिलाफ मंगलवार को बिजली कर्मचारी सड़कों पर उतरे और सभी सर्कलों में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री और हरियाणा पावर रेगुलेटरी कार्यवाहक कमीशन चेयरमैन गर्ग के पुतले दहन किए। हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने ऐलान किया है कि बुधवार को प्रदेश की सभी सब डिवीजन में प्रदर्शन किए जाएंगे और हरियाणा पावर रेगुलेटरी कमीशन के पैरलल लाइसेंस देने के आदेशों की प्रतियां जलाई जाएगी।

24 को बैठक करेंगे संगठन

इसके बाद 22 अक्टूबर को सभी बिजली कर्मचारी और इंजीनियर तीन दिवसीय हड़ताल पर जले जाएंगे। उसके बाद भी पैरलल लाइसेंस के आदेशों को रद्द करने के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई तो 24 अक्टूबर को मोर्चा की बैठक आयोजित कर आंदोलन के अगले कदम की घोषणा कर दी जाएगी, जिसके लिए पूरी तरह सरकार जिम्मेदार होगी। हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के सदस्य देवेन्द्र सिंह हुड्डा व अन्य ने बताया कि निगमों और उपभोक्ताओं के हित से कोई समझौता सहन नहीं किया जाएगा।

सूरजकुंड दिवाली मेले की तैयारियां अंतिम चरण में

चंडीगढ़। हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और पारंपरिक हस्तशिल्प को नया आयाम देने के लिए फरीदाबाद सूरजकुंड मेला परिसर एक बार फिर उत्सव के रंगों से सराबोर होने जा रहा है। 23 से 26 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले तीसरे सूरजकुंड दिवाली मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। मेले की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। चार दिवसीय यह मेला दिवाली की खुशियों, भारतीय कला-संस्कृति, हस्तशिल्प, लोक संगीत, पारंपरिक व्यंजनों और पारिवारिक मनोरंजन का आकर्षक संगम बनेगा। लगभग 300 स्टॉलों के माध्यम से देश के कारीगरों और शिल्पकारों की प्रतिभा को प्रदर्शित करेंगे।

देश का सबसे ऊंचा दशानन तैयार कर चर्चा में आए बराड़ा के कारीगर तेजेंद्र चौहान

दिल्ली के द्वारका के लिए 221 और देहरादून में 181 फुट का भी पुतला तैयार किया

तीन माह की मेहनत, 35 लाख खर्च, फिर तैयार हुआ 221 फुट का स्मार्ट रावण

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

अंबाला जिले के बराड़ा निवासी कारीगर तेजेंद्र चौहान ने इस बार भी पंचकूला में देश के सबसे ऊंचे रावण के पुतलों में शामिल 221 फुट ऊंचा पुतला तैयार किया। करीब साढ़े तीन माह की मेहनत और 34 से 35 लाख रुपये की लागत से तैयार इस विशालकाय रावण को देखने के लिए दशहरे पर पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित शालीमार ग्राउंड में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। चौहान ने इस बार पंचकूला और दिल्ली के द्वारका में 221-221 फुट ऊंचे रावण बनाए, जबकि देहरादून में 181 फुट ऊंचा पुतला तैयार किया। चौहान का दावा है कि पंचकूला में तैयार किया गया रावण दुनिया का सबसे विशाल पुतला है।



तीन शहरों में तैयार किए तीन पुतले



बराड़ा निवासी तेजेंद्र चौहान हर साल पंचकूला में रावण का पुतला तैयार करने आते हैं। इस बार उन्होंने तीन शहरों में पुतले तैयार किए। पंचकूला और दिल्ली के द्वारका में 221 फुट ऊंचे रावण बनाए गए, जबकि देहरादून में 181 फुट ऊंचा पुतला तैयार किया गया। चौहान के अनुसार, तीनों स्थानों पर उनकी टीमें काम करती हैं और वह निर्माण की निगरानी करते हैं। इतने ऊंचे पुतले तैयार करने में वर्षों का अनुभव, तकनीकी समझ, टीमवर्क और धैर्य की जरूरत होती है। चौहान ने बताया कि विशालकाय पुतला तैयार करना केवल उसकी ऊंचाई बढ़ाने तक सीमित नहीं है। ढांचे की मजबूती, विभिन्न हिस्सों का संतुलन, सामग्री की गुणवत्ता व अन्य बातों का ध्यान रखना पड़ता है।

बड़े पुतले को खड़ा करना चुनौतीपूर्ण

चौहान के अनुसार, पंचकूला में 221 फुट ऊंचे रावण को तैयार करने पर करीब 34 से 35 लाख रुपये खर्च हुए। इसमें कारीगरी, श्रम, निर्माण सामग्री और आतिशबाजी से जुड़े खर्च शामिल हैं। इतने बड़े पुतले को खड़ा करना भी चुनौतीपूर्ण होता है। इसके लिए पहले से योजना बनाकर ढांचे के अलग-अलग हिस्सों को जोड़ा जाता है। पुतले के भीतर विस्फोटक सामग्री होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देना पड़ता है।

बच्चियों से छेड़छाड़ के मामले में समझौते से एफआईआर रद नहीं होगी: हाईकोर्ट

- रोहतक से जुड़े मामले में याचिका खारिज



- निजी समझौता व्यापक जनहित और कानून के उद्देश्य पर हावी नहीं हो सकता : हाईकोर्ट

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने रोहतक जिले में दो नाबालिग बच्चियों से कथित छेड़छाड़ के मामले में एफआईआर रद करने की मांग खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा, गरिमा और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े व्यापक सामाजिक हित को प्राथमिकता देना जरूरी है। शिकायतकर्ता पक्ष के समझौते से गंभीर आरोपों में चल रही आपराधिक कार्यवाही समाप्त नहीं की जा सकती। जस्टिस नीरजा के कलसन की पीठ अशोक की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया। याचिकाकर्ता ने बहुअकबरपुर थाने में 23 दिसंबर 2024 को दर्ज एफआइआर रद करने की मांग की थी। मामला पाक्सो अधिनियम की धारा 12 और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 126, 75(2) और 79 के तहत दर्ज हुआ था।शिकायत के अनुसार, 23 दिसंबर 2024 को करीब 11 और 13 वर्ष की दो बच्चियां किराना सामान खरीदकर घर लौट रही थीं। आरोप है कि रास्ते में याचिकाकर्ता ने उन्हें रोका, अश्लील इशारे किए और अपने साथ चलने के लिए रुपये देने की पेशकश की। घबराई बच्चियों ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना बताई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। याचिकाकर्ता ने अदालत में कहा कि स्थानीय लोगों और रिश्तेदारों के हस्तक्षेप से दोनों पक्षों के बीच 7 अप्रैल 2025 को समझौता हो गया है। शिकायतकर्ता पक्ष को मुकदमा आगे बढ़ाने पर आपत्ति नहीं है, इसलिए शांति और आपसी सौहार्द के लिए एफआइआर रद की जाए। सरकार ने मांग का विरोध करते हुए बताया कि दोनों बच्चियों के बयान न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज किए गए थे।

रोहतक
बुधवार 21 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 30, अंक : 258
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 33.2°C
न्यून. 14.8°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



5 क्रिकेट : स्टार्क ने रचा इतिहास टेस्ट में लिए 450 विकेट

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

परिवर्तन

योजना में ₹10 लाख तक के फायदे

दिल्ली-एनसीआर में पुरानी बस/ट्रक को बदलकर पाएं
नया वाहन, नए अवसर, बेहतर बचत और बेहतर भविष्य



“क्लीन एनर्जी और क्लीन मोबिलिटी, ये हमारा भविष्य है। ऐसे ही प्रयासों से भारत तेजी के साथ क्लीन एनर्जी और क्लीन मोबिलिटी का एक विश्वस्त सेंटर बनेगा।”
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

बदलाव का समय है, परिवर्तन का साथ है

30,000+

ने की शुरुआत, अब आपकी बारी



‘परिवर्तन’ अपनाने के लाभ

- 5% ब्याज अनुदान
- 100% रोड टैक्स में छूट
- 8% या उससे अधिक, एक्स-शोरूम कीमत पर छूट
- ₹4,800 तक मासिक फ्यूल सहायता
- ₹2.56 लाख तक EV खरीद पर एकमुश्त लाभ
- 100% पंजीकरण शुल्क माफी

आज ही रजिस्टर करें:
https://parivartan.parivahan.gov.in parivartan@gov.in

CBC 37101/13/0006/2627

खबर संक्षेप

नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में दूसरे की जगह दी परीक्षा, 2 गिरफ्तार

नूंह। नल्हड़ स्थित शहीद हसन खान मेवाती राजकीय मेडिकल कॉलेज में परीक्षा के दौरान दूसरे परीक्षार्थी की जगह पेपर देने का मामला सामने आया है। बीएससी ऑपरेशन थिएटर (ओटी) तृतीय वर्ष की सप्लीमेंट्री परीक्षा में कथित फर्जीवाड़े के आरोप में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, 16 अक्टूबर 2026 को मेडिकल कॉलेज में बीएससी ओटी तृतीय वर्ष की सप्लीमेंट्री परीक्षा आयोजित की गई थी। इसी दौरान एक युवक पर दूसरे छात्र की जगह परीक्षा में बैठने का आरोप लगा। शिकायत में कहा गया है कि युवक कथित तौर पर दूसरे परीक्षार्थी के प्रवेश पत्र के आधार पर पेपर दे रहा था।

बंद पड़े किंगडम ऑफ ड्रीम्स में फिर लगी आग

गुड़गांव। सेक्टर-29 स्थित बंद पड़े किंगडम ऑफ ड्रीम्स (केओडी) में सोमवार रात करीब 10 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। रात 10:09 बजे सूचना मिलने पर सेक्टर-29 फायर स्टेशन से पांच दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात रही कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ। बंद पड़े इस आलीशान परिसर में बार-बार आग लगने की घटनाओं ने इसकी सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। करीब छह एकड़ में फैला किंगडम ऑफ ड्रीम्स 100 करोड़ रुपये से अधिक के लीज रेंट विवाद के चलते जुलाई 2022 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने सील कर दिया था। यहां पहले भी कई बार आग लग चुकी है।

पलवल में 15 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

पलवल। हथीन एवीटी स्टाफ ने 15 हजार के इनामी बदमाश सरफुद्दीन उर्फ सरफू को गिरफ्तार किया है। आरोपी गुरुग्राम का भगोड़ा घोषित था और उसके पास से एक अवैध देसी कट्टा भी बरामद हुआ है। सरफुद्दीन पर हरियाणा और राजस्थान के विभिन्न थानों में 16 संगीन मामले दर्ज हैं। इनमें एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी, चोरी, छीना-झपटी और संगठित अपराध शामिल हैं। राजस्थान पुलिस को भी उसकी तलाश थी।

साइबर ठगी में बिहार से दो आरोपी दबोचे

गुरुग्राम। गैस कनेक्शन काटने का डर दिखाकर फर्जी एपीके एप्लिकेशन फाइल के जरिए लोगों से ठगी करने वाले गिरोह से जुड़े दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गुरुग्राम पुलिस आरोपियों को बिहार के बांका जिले से पकड़कर लाई है। पकड़े गए आरोपी साइबर अपराधियों को धोखाधड़ी से ली गई फर्जी सिम कार्ड उपलब्ध कराने का काम करते थे। आरोपियों की पहचान निर्मल कुमार उर्फ विजय कुमार, निवासी गांव सठियारी, जिला बांका, बिहार और गोपी कुमार यादव निवासी गांव पिपराडीह, जिला बांका, बिहार के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने वारदात में इस्तेमाल किए गए दो मोबाइल और दो फर्जी सिम भी बरामद किए हैं।

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग मामला : आरोपी रेहान की मां का दावा-बेटे को कोई नशीला पदार्थ सुंघाकर ले गया था

रेहान की दोस्ती पड़ी भारी : किडनी के मरीज छात्र को घर से ले गई पुलिस

मां का दावा-दो लाख रुपये का लालच देकर रेहान को मुंबई भेजा गया, वह तो वेल्डिंग का काम सीख रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हमले के मामले में राजस्थान के कोटा से गिरफ्तार गांव देवड़ निवासी रेहान की मां शमसीदा ने बेटे को साजिश के तहत फंसाए जाने की आशंका जताई है। उनका दावा है कि करीब 20 दिन पहले एक व्यक्ति उनके बेटे को घर के पास से अपने साथ ले गया था। उस समय रेहान खाना खा रहा था।

मां का आरोप है कि बेटे को नशीला पदार्थ सुंघाकर ले जाया गया और दो लाख रुपये कमाने का लालच देकर मुंबई पहुंचा दिया गया। परिवार को उसके मुंबई जाने की जानकारी तक नहीं थी। उधर, मामले में रेहान के बचपन के दोस्त समीर को भी सोनीपत पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की है। समीर के परिजनों का कहना है कि वह किडनी का मरीज है और अधिकतर समय घर पर ही रहता है। शमसीदा के अनुसार, रेहान ने परिवार को गुरुग्राम में वेल्डिंग का काम करने की बात बताई थी। वह करीब एक महीने से काम सीख रहा था। बिहार के एक युवक ने उसे अपने भाई के साथ काम दिलाने की बात कही थी।

मां का कहना है कि रेहान के पास मुंबई जाने के लिए किराये तक के पैसे नहीं थे और उसे वहां के रास्तों की जानकारी भी नहीं थी। उनके मुताबिक, बेटा घर से जाने के बाद वापस नहीं लौटा। परिवार ने कई बार उसके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन बंद मिला। काफी समय तक कोई जानकारी नहीं मिलने पर उन्हें अनहोनी की आशंका सताने लगी थी।

बीमारी के कारण छूट गई थी रेहान की पढ़ाई



शमसीदा ने बताया कि उन्होंने रेहान का दसवीं कक्षा में दाखिला कराया था, लेकिन वह करीब तीन महीने ही स्कूल जा सका। मां की बीमारी के कारण उसे पढ़ाई छोड़नी पड़ी और वह घर के कामों में हाथ बंटाने लगा। वह पशुओं के लिए चारा डालने और खाना बनाने में भी मदद करता था। शमसीदा ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और यह पता लगाने की मांग की है कि उनके बेटे को कौन अपने साथ ले गया था। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की।

एक बार जेल जा चुका है समीर

पुलिस ने रेहान के बचपन के दोस्त समीर को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की है। बताया जाता है कि दोनों पहले अवैध हथियार से जुड़े एक मामले में जेल जा चुके हैं। हालांकि, समीर के परिजनों का दावा है कि जेल से बाहर आने के बाद वह रेहान के संपर्क में नहीं था। समीर की मां मंजू ने बेटे को निर्दोष बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। उनका कहना है कि समीर 11वीं कक्षा का विद्यार्थी है और उसकी एक किडनी नहीं है। उसका इलाज चल रहा है, इसलिए उन्हें हिरासत के दौरान समय पर दवा मिलने की चिंता है। परिजनों के अनुसार, 18 अक्तूबर को पुलिस समीर को घर से लेकर गई थी। उसकी मौसी बबली ने भी बताया कि समीर स्कूल से लौटने के बाद अधिकतर समय घर पर रहता था और उसके पास मोबाइल फोन भी नहीं है।

मुंबई में हुई थी कार पर फायरिंग

रविवार की शाम को मुंबई के जुहू इलाके में अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग हुई थी। बाइक सवार 3 हमलावरों ने उनकी कार पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं थी। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे अनिल पंडित ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। पुलिस और राजस्थान पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में इस मामले से जुड़े 3 आरोपियों को कोटा से पकड़ा गया है, जिसमें रेहान समेत दो आरोपी सोनीपत से हैं।

कुरुक्षेत्र में 40 लाख रुपये कीमत का 200 ग्राम चिट्टा बरामद, दो पकड़े

पुलिस पर फायरिंग कर भागे नशा तस्कर का एनकाउंटर, पैर में गोली मारकर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पुलिस पर दो फायर किए, आरोपी से एक देसी कट्टा बरामद हुआ
आरोपी पर हिमाचल प्रदेश, शाहबाद व बाबैन में पहले से केस

कुरुक्षेत्र पुलिस व नशा तस्करी के आरोपियों के बीच सोमवार देर शाम को मुठभेड़ हो गई, जिसमें एक आरोपी को काबू किया गया। वहीं, पुलिस पर फायरिंग कर भागे दूसरे आरोपी को मंगलवार सुबह मुठभेड़ में पैर में गोली मारकर काबू किया गया। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में शाहबाद पुलिस ने नशा तस्करी के आरोपी गौरव वासी जन्धेड़ी को काबू किया। आरोपियों की कार की तलाशी लेने पर करीब 40 लाख रुपये कीमत का 200 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। मंगलवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में घायल आरोपी संजू वासी कैथल को आदेश हस्पताल में दाखिल करवाया गया। थाना शाहबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र सिधु ने बताया कि सोमवार शाम को चौकी प्रभारी पीएसआई मांगे राम, सहायक उप निरीक्षक गजराज, प्रवीन कुमार, मुख्य सिपाही सार्जेंट की टीम एरिया में गश्त पर थी।



अस्पताल में उपचाराधीन घायल आरोपी।

पुलिस टीम को सूचना मिली कि गौरव वासी जन्धेड़ी व संजू वासी कैथल स्मैक/ चिट्टा बेचने का काम करते हैं। आज भी दोनों अपनी कार में नशा बेचने गांव जन्धेड़ी से अनाज मंडी शाहबाद से होते हुए शाहबाद आएंगे। सूचना पर पुलिस टीम ने जन्धेड़ी रोड पर नहर के पास पहुंचकर पुलिस ने नाकाबंदी करके निगरानी शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद पुलिस टीम को एक कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने कार रुकवाकर आरोपियों को काबू करना चाहा तो कंडक्टर साइड में बैठे युवक ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आरोपी की ओर से किए गए फायर में पुलिस कर्मचारी बाल-बाल बचा है। फायर के जवाब में पुलिस टीम ने आरोपियों को चेतावनी देते हुए आरोपियों की तरफ फायर किया। पुलिस टीम पर फायर करने का आरोपी खेतों की तरफ भाग गा। पुलिस टीम ने कार चालक आरोपी को काबू कर लिया गया। आरोपियों की कार की तलाशी लेने पर कार से करीब 40 लाख रुपये कीमत का 200 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना शाहबाद में मामला दर्ज करके आरोपी गौरव वासी जन्धेड़ी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया।

मारकंडा के पास दोबारा हुई पुलिस से मुठभेड़

निरीक्षक ने बताया कि पीएसआई मांगे राम, उप निरीक्षक नरेश कुमार, राजेश कुमार, सहायक उप निरीक्षक गजराज, प्रवीन कुमार, मुख्य सिपाही सार्जेंट पुलिस टीम फायर करने के आरोपी की तलाश में थी। पुलिस टीम को आरोपी मारकंडा के पास दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम ने चेतावनी देते हुए रुकने के लिए कहा लेकिन आरोपी ने पुलिस टीम पर दो फायर कर दिए। जवाबी करवाई में पुलिस टीम ने आरोपी संजू की टांग में गोली मारकर काबू कर लिया। आरोपी से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। घायल को आदेश हस्पताल शाहबाद में दाखिल करवाया गया। आरोपी गौरव को अदालत में पेश किया गया। आरोपी गौरव के खिलाफ हिमाचल प्रदेश, जिला कुरुक्षेत्र के थाना शाहबाद व बाबैन में आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट के 6 मामले दर्ज हैं।

दशहरे पर अपनों ने ही बहाया खून

जमीन विवाद में छोटे भाई ने कुल्हाड़ी मार की हत्या

- छोटे भाई व उसके परिवार पर हत्या का केस दर्ज, फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

दशहरे के दिन गांव नूनी कलां में पारिवारिक रंजिश ने खूनी रूप ले लिया। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे गांव के बस अड्डे पर 58 वर्षीय इंद्रपाल पर उसके छोटे भाई और परिवार के सदस्यों ने कथित तौर पर कुल्हाड़ी व लाठियों से हमला कर दिया। सिर में कुल्हाड़ी का वार लगने और अन्य गंभीर चोटें आने से इंद्रपाल लहूलुहान हो गया तथा वहीं मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक के बेटे अनिल राजपूत ने अपने चाचा सुरेंद्र सिंह, उसके बेटों अंकित व विशाल, चाची बबली तथा अंकित की पत्नी पर आपस में साजबाज कर उसके पिता की हत्या करने का आरोप लगाया है। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश शुरू कर दी है। जानकारी मुताबिक इंद्रपाल खेतीबाड़ी का काम करता था और पारिवारिक विवाद से बचने के लिए कुछ महीनों से खेतों में मकान बनाकर परिवार के साथ रहता था। मृतक के बेटे अनिल ने पुलिस को बताया कि उसके पिता रोजाना की तरह मंगलवार सुबह गांव के बस अड्डे से जोहड़ की तरफ घूमने जा रहे थे। इसी दौरान अड्डे पर उन पर हमला कर दिया गया। अड्डे पर उनके पुराने मकान भी हैं।



विकास उर्फ नारद।

जनवरी में तोड़ी थीं टांगें

पुलिस के अनुसार दोनों भाइयों के परिवारों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। अनिल के अनुसार, उसके पिता पर जनवरी में भी रात के समय जानलेवा हमला हुआ था। उस हमले में इंद्रपाल की दोनों टांगें तोड़ दी गई थीं और पैरों में रॉड डलवानी पड़ी थी। अनिल ने बताया कि उस मामले की सुनवाई अभी अदालत में चल रही है। उसका कहना है कि परिवार में लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। अनिल ने पुलिस को यह भी बताया कि वे दो भाई-बहन हैं और उसकी बहन की मौत भी पारिवारिक विवाद के कारण हो चुकी है।

फैक्ट्री पर छापा मार 8 क्विंटल पनीर बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सीआईए कलायत पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कलायत अनाज मंडी के पीछे स्थित एक दूध-पनीर फैक्ट्री पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मौके से करीब 8 क्विंटल पनीर और 5 हजार लीटर स्किम्ड मिल्क मिला।

पनीर के पैकेटों पर निर्माण तिथि को लेकर भी अनियमितता सामने आई। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दूध व पनीर के तीन सैंपल लेकर जांच के लिए प्रक्रिया शुरू की है। सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि कलायत अनाज मंडी के पीछे स्थित एक दूध-पनीर फैक्ट्री में मिलावटी पनीर तैयार किया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए सीआईए कलायत पुलिस ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक शर्मा की टीम के साथ संयुक्त रूप से फैक्ट्री में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मौके पर करीब 8 क्विंटल पनीर मिला। इसमें लगभग 5 क्विंटल पनीर पैकेटों में पैक किया हुआ था, जबकि करीब 3 क्विंटल पनीर खुला मिला। जांच के दौरान पैक किए गए पनीर के पैकेटों पर निर्माण तिथि 20 अक्टूबर अंकित मिली, जबकि पुलिस के अनुसार फैक्ट्री में कार्रवाई 19 अक्टूबर को की गई थी। बता दें कि इसी सप्ताह यमुनानगर में पुलिस व खाद्य विभाग की टीम द्वारा भारी मात्रा में मिलावटी पनीर बरामद किया था। जांच के दौरान सामने आया था कि यह पनीर कलायत की फैक्टरी से आपूर्ति किया गया था।



पैकिंग वाले पनीर पर एक दिन आगे की तारीख लिखी मिली, तीन सैंपल जांच के लिए भेजे

कैथल की एमबीबीएस छात्रा यूपी के कॉलेज हॉस्टल में फंदे पर लटकी मिली

कैथल। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर स्थित एक मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की अंतिम वर्ष की छात्रा शगुन सैनी (23) की मौत का मामला सामने आया है। कैथल के गांव बाबा लदाना निवासी शगुन का शव हॉस्टल के कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, जबकि पुलिस ने छात्रा का मोबाइल फोन को कब्जे में लिया है।



पुलिस के अनुसार, रात करीब 8:30 बजे रूम पार्टनर जिया हॉस्टल पहुंचीं तो कमरा अंदर से बंद मिला। आवाज देने और फोन करने पर जवाब नहीं मिलने पर अन्य छात्राओं ने रोशनदान से देखा तो शगुन का शव दिखाई दिया। एसएसपी सूरज कुमार राय के मुताबिक, छात्रा के किसी दोस्त से विवाद की बात सामने आई है। पुलिस मोबाइल की कॉल डिटेल और चैट की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण स्पष्ट होंगे। शगुन की माता शालिनी तथा पिता सतीश सैनी सरकारी शिक्षक हैं।


कार और कैंटर की भिड़ंत में दादा-पोते की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भिवानी से जींद मार्ग पर तिगड़ाना मोड़ के नजदीक मंगलवार को कार व कैंटर की टक्कर हो गई। हादसे में गांव मिताथल निवासी रिश्ते में दादा-पोता की मौत हो गई। इनके अलावा रोहतक निवासी दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। मृतक की पहचान भिवानी के गांव मित्ताथल हाल भिवानी के कीर्ति नगर निवासी करीब 28 वर्षीय सनूप व गांव मिताथल निवासी करीब 68 वर्षीय सत्यनारायण के रूप में हुई है। वही रोहतक के प्रीत विहार निवासी दीपांशु व रामगोपाल कालोनी निवासी आशीष को गंभीर चोटें आई हैं।

भिवानी के गांव मिताथल के सरपंच प्रतिनिधि नरेश कुमार ने बताया कि उनके गांव के सत्यनारायण एवं सनूप व अन्य लोग कार में सवार होकर सोमवार रात को भिवानी से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान तिगड़ाना मोड़ के समीप सामने से आ रहे कैंटर से उनकी कार की टक्कर हो गई।

डेढ़ वर्षीय बच्चे के सिर से उठा पिता का साया



सनूप के पिता राजपाल हरियाणा पुलिस में बतौर सहायक उप निरीक्षक पद पर तैनात हैं। सनूप का एक छोटा भाई भी है। सनूप की शादी करीब ढाई साल पहले हुई थी और सनूप का करीब डेढ़ साल का बेटा भी है। वहीं सत्यनारायण को चार बच्चे थे, जिनमें से तीन लड़के व एक लड़की है। वह फिलहाल खेती-बाड़ी करते हैं। जांच अधिकारी एएसआई मंजीत सिंह ने बताया कि मृतकों के परिजनों के बयान दर्ज किए हैं। बयानों के आधार पर कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

सिरसा में 50 लाख रुपये की 1 लाख नशीली गोलियां-कैप्सूल का जखीरा बरामद, 3 गिरफ्तार

सिरसा (हरिभूमि न्यूज)। मेडिकल नशे का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसते हुए सीआईए सिरसा की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अनाज मंडी क्षेत्र में कबीर चौक के नजदीक दुकान से तीन युवकों को काबू कर उनके कब्जा से करीब 50 लाख रुपये की 1,00,155 नशीली गोलियां व कैप्सूल बरामद किए हैं। एसपी दीपक सहारन ने बताया कि बरामद नशीली दवाओं में ट्रामाडोल की 97,170 गोलियां और प्रेगाबालिन के 2,985 कैप्सूल शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, सीआईए सिरसा प्रभारी इंस्पेक्टर रविंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम अनाज मंडी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि कबीर चौक के पास तीन युवक नशीली गोलियां व कैप्सूल बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर युवकों को काबू किया और तलाशी लेने पर उनके कब्जे से भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद हुईं। पकड़े गए युवकों की पहचान सुनील कुमार निवासी वार्ड नंबर 18, एकता नगर सिरसा, हाल निवासी शमशाबाद पट्टी सिरसा, अजय कुमार पुत्र चिमन लाल निवासी एकता नगर सिरसा तथा सागर कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी गली नंबर एक, इंद्रपुरी मोहल्ला सिरसा के रूप में हुई है एसपी ने बताया कि बरामद दवाओं के संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई के लिए ड्रग्स इंस्पेक्टर सुनील कुमार को मौके पर बुलाया गया। मामले में दवाओं की जांच और नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

उलझन

नौसैनिक की शहादत के बाद पारिवारिक पेंशन को लेकर नियमों पर फंसा था पेंच

3 साल के संघर्ष के बाद अब मां को मिलेगी 40% पेंशन

- लिबरलाइज्ड फैमिली पेंशन के लागू नियमों में पत्नी और माता-पिता के बीच पेंशन बांटने का प्रावधान नहीं था
- मां ने आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल में याचिका दायर कर लड़ी लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

भारतीय नौसेना के शहीद जवान गौरव दत्त की मां निर्मला देवी को विशेष पारिवारिक पेंशन में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलेगी। दिल्ली स्थित आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल की प्रिंसिपल बेंच ने बीते 13 अक्टूबर 2026 को उनकी याचिका मंजूर करते हुए पत्नी पूनम को 60 प्रतिशत और मां निर्मला देवी को 40 प्रतिशत पेंशन देने का फैसला सुनाया। इसके लिए मां को करीब तीन साल तक कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी।

जानकारी के अनुसार गौरव दत्त 28 जनवरी 2011 को भारतीय नौसेना में भर्ती हुए थे। 16 फरवरी 2020 को उनकी शादी पूनम से हुई थी। शादी के करीब तीन महीने बाद 19 मई 2020 को आईएनएस सुमेधा पर ड्यूटी के दौरान इंजन के तेजी से घूमने वाले फ्लाईव्हील के दांत टूटकर बिखर गए थे, जिनके टुकड़े लगने से गौरव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अस्पताल में उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया था।

सरकारी पक्ष की ओर से तर्क दिया गया कि लिबरलाइज्ड फैमिली पेंशन के लागू नियमों में पत्नी और माता-पिता के बीच पेंशन बांटने का प्रावधान नहीं है। वहीं, निर्मला देवी की ओर से पूर्व न्यायिक फैसलों और संबंधित कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए अपना दावा पेश किया गया। मामले में एडवोकेट वेद प्रकाश ने निर्मला देवी की ओर से कानूनी पक्ष रखा। उन्होंने मां के पेंशन संबंधी अधिकारों को न्यायिक मंच पर प्रभावी ढंग से उठाया। मामले में कानूनी पैरवी अहम रही, क्योंकि विवाद केवल पेंशन के भुगतान का नहीं, बल्कि दिवंगत नौसैनिक पर निर्भर मां के आर्थिक अधिकारों का भी था।

पति व बड़ा बेटा रहते थे अलग, नौसैनिक ही था मां का इकलौता सहारा



निर्मला देवी ने ट्रिब्यूनल में बताया कि उनके पास नियमित आय का कोई साधन नहीं था और गौरव ही उनका भरण-पोषण करते थे। उन्होंने कहा कि उनके पति लंबे समय से परिवार के साथ नहीं रह रहे थे, जबकि बड़ा बेटा अपने परिवार के साथ अलग रहता था। ऐसे में गौरव ही उनकी देखभाल का मुख्य सहारा थे। निर्मला देवी ने पेंशन में हिस्सा पाने के लिए संबंधित अधिकारियों को कानूनी नोटिस भी भेजा था। जब उन्हें अपेक्षित राहत नहीं मिली, तो उन्होंने वर्ष 2023 में आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल में याचिका दायर कर विशेष पारिवारिक पेंशन अथवा लिबरलाइज्ड फैमिली पेंशन में अपना अधिकार देने की मांग की। ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राजेंद्र मेनन और सदस्य रियर एडमिरल धीरन विग की बेंच ने यह फैसला सुनाया।

महापंचायत में मृत्यु भोज पर रोक लगाने की मांग

फरीदाबाद। समाज में व्याप्त दहेज प्रथा, मृत्यु भोज और शादियों में होने वाली फिजूलखर्ची समाप्त करने तथा आने वाली पीढ़ी को बेहतर सामाजिक वातावरण देने के उद्देश्य से राजीव कॉलोनी में महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत की अध्यक्षता आरपी शर्मा ने की, जबकि मंच संचालन शमशेर रावत एवं देवेंद्र मास्टर ने किया। महापंचायत में जगन डागर ने समाज को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि बेटी को सामान के साथ नहीं, बल्कि सम्मान के साथ विदा करने की व्यवस्था करनी होगी। समाज को ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जिसमें बेटी की शादी परिवार पर आर्थिक बोझ न बने। महापंचायत में जोर दिया गया कि दहेज प्रथा, मृत्यु भोज और फिजूलखर्ची के खिलाफ अभियान सभी मिलकर चलाएं।

करनाल के युवक की कनाडा में सड़क हादसे में गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

कनाडा में हुए सड़क हादसे में करनाल के गांव रत्तक निवासी 24 वर्षीय जसकीरत सिंह की मौत हो गई। जबकि पंजाब के 3 युवक घायल होने की सूचना है। हादसा ब्रिटिश-कोलंबिया के हाइवे-5 पर हुआ। प्रारंभिक जानकारी है कि नशे में धुत एक ड्राइवर ने रॉन्ग साइड कार दौड़ते हुए भारतीय युवकों की कार को टक्कर मार दी। जसकीरत के शव की पहचान उसके माता-पिता ने की है। हादसा शनिवार सुबह हुआ। जसकीरत सिंह के पार्थिव शरीर को भारत में उसके माता-पिता के पास भेजने और घायलों की मदद के लिए दोस्तों और परिजनों ने ऑनलाइन मदद की अपील की है। जसकीरत सिंह परिवार का इकलौता बेटा था। अपने पीछे माता, पिता और एक बहन को छोड़ गया है। जसकीरत के पिता पेशे से किसान हैं। परिजनों के अनुसार, जसकीरत शरणार्थी स्थिति पर कनाडा में था और पिछले हफ्ते ही इमिग्रेशन एंड रिफ्यूजी बोर्ड में उसका केस क्लीयर हुआ था, जिससे उसे जल्द ही पीआर मिलने की उम्मीद थी।



रोहतक, बुधवार 21 अक्टूबर 2026 ■ अश्विन मास शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष : 30, अंक : 258 ■ पृष्ठ : 16 मूल्य : 3.00 मौसम अधि. 33.2 , न्यून. 14.8 haribhoomi.com

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



पंचकूला में देश के सबसे ऊंचे 221 फीट के रावण का दहन



- सीएम सैनी ने रोहतक में पुतले का दहन किया
- 300 से अधिक ड्रोन से रोहतक में 200 फीट ऊंचाई पर राम-रावण युद्ध दिखाया गया

देशभर में धूमधाम से मना विजयादशमी पर्व

हरिभूमि टीम हरियाणा। प्रदेश में मंगलवार को दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। पंचकूला में देश के सबसे ऊंचे 221 फीट के रावण के पुतले का दहन हुआ। वहीं, रेवाड़ी के बेरली कलां में 160 फीट का रावण भी दहन किया गया। रोहतक में 300 से अधिक ड्रोन से करीब 200 फीट की ऊंचाई पर रामायण के प्रसंग और राम-रावण युद्ध दिखाया गया। 12 मिनट के इस ड्रोन शो के लिए अयोध्या से स्पेशल टीम बुलाई गई थी। यहां सीएम नायब सैनी ने रावण का पुतला दहन किया। पानीपत में 4 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने हनुमान स्वरूप धारण किया। यह परंपरा विभाजन के समय पाकिस्तान से आई थी, जिसे लैय्या बिरादरी 79 साल बाद भी कायम रखे हुए है। उधर, पटना के गांधी मैदान में बिहार के सबसे ऊंचे 90 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन हुआ। रावण दहन देखने के लिए गांधी मैदान में करीब 2.5 लाख लोग पहुंचे। *(पेज-3 भी देखें)*

देश के हालात को लेकर आरएसएस प्रमुख भागवत ने चेताया, बोले

भारत में बांग्लादेश-फ्रांस जैसे हालात बनाने की कोशिश

सत्ता बदलकर अपने पिट्ठू बैठाना चाहते हैं > **कुछ नेता भारत को तोड़ने में मदद कर रहे** > **कई बार आंदोलनों को दूसरे उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाता है**

एजेंसी ▶▶ नागपुर

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत में भी बांग्लादेश और फ्रांस जैसे हालात बनाने की कोशिश हो रही है। दुनिया में ऐसी शक्तियां हैं, जो भारत को दबाना चाहती हैं। उनका मकसद सत्ता परिवर्तन कर हालात सुधारना नहीं, बल्कि अपने पिट्ठू बैठाना है। भागवत मंगलवार को नागपुर संघ मुख्यालय में आयोजित विजयादशमी उत्सव में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कुछ लोग भारत और हिंदू समाज को तोड़ना चाहते हैं और उन्हें ऐसे नेताओं का भी समर्थन मिलता है। आरएसएस हर साल विजयादशमी पर अपना स्थापना दिवस मनाता है। 1925 में इसी दिन संघ की स्थापना हुई थी। भागवत ने कार्यक्रम में शस्त्र पूजन किया।

दुनिया में ऐसी शक्तियां हैं, जो भारत को दबाना चाह रही

आंदोलन का उद्देश्य समाधान हो, समाज में विभाजन नहीं

समस्याओं के कारण आंदोलन होते हैं, लेकिन उनका उद्देश्य समाधान होना चाहिए, न कि समाज में द्वेष और विभाजन पैदा करना। कई बार आंदोलनों को दूसरे उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाता है और वे राजनीति का साधन बन जाते हैं। समाज और देश को सिर्फ नेता नहीं चलाते, बल्कि समाज की सक्रियता से भी समस्याओं का समाधान होता है।

एकता के सूत्र में बंधे रहेंगे तो कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता

दुनिया में ऐसी शक्तियां हैं, जो भारत को दबाना चाहती हैं। उनके प्रभाव में आकर हमें उत्तेजित नहीं होना चाहिए। लॉर्ड कर्जन ने हिंदू-मुस्लिम आधार पर बंगाल का विभाजन किया था, जिसे चार साल बाद वापस लेना पड़ा। लेकिन 1947 में देश का विभाजन नहीं रुक सका, क्योंकि लोगों के



मन में आ गया था कि जो अलग दिखते हैं, वे अलग ही हैं।

हमारे पूर्वज एक, सबको साथ लेकर चलना जरूरी

हम सभी के पूर्वज एक हैं और हमारी संस्कृति का मूल भी एक है। किसी की अलग पहचान मिटाए बिना सभी को साथ लेकर चलना चाहिए। भारत की परंपरा और विचारों में दुनिया की समस्याओं का समाधान देने की क्षमता है।

विकास हो, लेकिन प्रकृति का नुकसान न हो

भागवत ने नेपाल बाढ़ का उदाहरण देते हुए कहा कि विकास के लिए तकनीक को बढ़ावा देना जरूरी है, लेकिन इससे प्रकृति को नुकसान नहीं होना चाहिए। विकास ऐसा हो, जिसमें इकोनॉमी के साथ इकोलॉजी और एथिक्स का भी ध्यान रखा जाए।

ओटीटी के नियम तय हों एआई का सही इस्तेमाल हो

आज लोगों को हर तरह की जानकारी मिल रही है, लेकिन सही-गलत समझे बिना उसका इस्तेमाल करने से नुकसान हो सकता है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नियम होने चाहिए और सरकार-प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा एआई का सही इस्तेमाल करना जरूरी है।

पेरिस जल्द मुस्लिम शहर बन जाएगा : ट्रंप

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार को कहा कि पेरिस जल्द मुस्लिम शहर बन जाएगा। उन्होंने फ्रांस में जारी हिंसा के लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की इमिग्रेशन पॉलिसी को जिम्मेदार ठहराया। ट्रम्प लंबे समय से इमिग्रेशन पर सख्ती की वकालत करते रहे हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने करीब 8 साल पहले मैक्रों को चेतावनी दी थी कि दूसरे देशों से आने वाले लोगों को बड़ी संख्या में फ्रांस में एंट्री देना गलती है। इसके बावजूद सरकार ने इसे रोकने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाए।

- हिंसक प्रदर्शन की वजह मैक्रों की इमिग्रेशन पॉलिसी, फ्रांस में 9% मुस्लिम
- दूसरे देशों से आने वाले लोगों को बड़ी संख्या में फ्रांस में एंट्री देना बड़ी गलती

शाह ने 2029 तक पंजाब को नशामुक्त करने का वादा किया

नशीले पदार्थ से जुड़ी घटनाओं में मारे गए लोगों के परिजनों से की मुलाकात

लुधियाना (एजेंसी)। वरिष्ठ भाजपा नेता और गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि पंजाब को वर्ष 2029 के अंत तक नशा मुक्त बनाया जाएगा। जालंधर में नशा मुक्त पंजाब रैली में शशाह कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा पंजाब को नशा मुक्त बनाने के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा अपने किए वादे पूरे करती है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और पूर्वोत्तर में उग्रवाद की समस्या से निपटने के बाद अब पंजाब को नशा मुक्त बनाने पर ध्यान दिया जाएगा। शाह ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शहीद भगत सिंह और ऊधम सिंह सहित पंजाब के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। गृहमंत्री ने राज्य की आम आदमी पार्टी सरकार में कानून-व्यवस्था बिगड़ने, भ्रष्टाचार और नशे की समस्या बढ़ने का आरोप लगाया। शाह ने भरोसा दिलाया कि भाजपा के सत्ता में आने पर नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शाह ने नशीले पदार्थ से जुड़ी घटनाओं में मर गये लोगों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इतना दुख कभी नहीं हुआ।

जालंधर ने रैली में आप सरकार को घेरा

■

दिल्ली में अभिव्यक्ति की आजादी मांगते

■

यहां काला झंडा दिखाने पर पीट रहे

जो नशे का विरोध करते हैं, उन्हें आत्महत्या करनी पड़ रही

अमित शाह ने लुधियाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि दिल्ली में अभिव्यक्ति की आजादी की बात करने वाले पंजाब में काला झंडा दिखाने वाले को पीटते हैं। यहां जो नशे का विरोध करते हैं, उन्हें आत्महत्या करनी पड़ती है या मार दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वह आज दुखी लोगों को सांत्वना देने आए थे। राजनीतिक एजेंडा नहीं था। मगर उनके नाम के साथ गाली-गलौच किया गया, अपशब्द कहे गए। वह इतना ही कहना चाहते हैं कि उन्हें अपशब्द कहने से कुछ नहीं होगा। नशे के कारोबार को खत्म करिए।

खबर संक्षेप

तमिल अभिनेता का 37 की उम्र में निधन

चेन्नई। तमिल अभिनेता कार्तिक सबेश का सोमवार को निधन हो गया। वे 37 वर्ष के थे। वे संगीत निर्देशक सबेश के बेटे और दिवंगत संगीतकार देवा के भतीजे थे। वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। हाल ही में उन्हें इलाज के लिए चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। *एजेंसी*




टाइगर पर हमले के बाद सलमान ने लिया 'ब्रेक'

मुंबई। मुंबई में अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुई गोलीबारी की घटना के बाद सोशल मीडिया और कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि सुरक्षा कारणों से सलमान खान ने 'बिग बॉस 20' से ब्रेक ले लिया है। उनकी जगह अब रोहित शेट्टी बिग बॉस में वीकेंड का वार होस्ट करेंगे। हमले के बाद सलमान को मुंबई के प्राइवेट एयरपोर्ट पर देखा गया। *एजेंसी*



पीएम ने बताए देश के तीन दुश्मन

सभी दल राष्ट्रहित के लिए एक साथ खड़े हों : मोदी



नई दिल्ली (एजेंसी)। विजयदशमी के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन में दशहरा समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम, माता जानकी और बजरंगबली के चरणों में नमन करते हुए देशवासियों को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज भारत के हर कोने, गांव और शहर में भगवान श्रीराम की भक्ति और उनके आदर्शों की गूंज सुनाई दे रही है तथा पूरा देश रामलीला के उत्साह में डूबा हुआ है। देशभर में आयोजित रामलीलाएं भगवान श्रीराम के आदर्शों और उनकी शिक्षाओं को जीवंत बनाए रखने की परंपरा का प्रतीक हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने देश के तीन दुश्मन भी बताए।

दुश्मनों से मिलकर लड़ना होगा

दशहरा कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमारे विचार समान हो, हमारी समितियां अर्थात राष्ट्र की सभी संस्थाएं, सभी राजनीतिक दल... राष्ट्रहित के लिए एक साथ खड़े हों। हमें इसी भावना पर चलना होगा, हमें देश के दुश्मनों के साथ मिलकर लड़ना होगा। देश को चोट पहुंचाने वाली ताकतें, समाज को बांटने वाले लोग, हमारी संस्कृति से नफरत करने की मानसिकता... ये देश के दुश्मन हैं। उन्होंने कहा, रामराज्य का मतलब सबके न्याय का होता है और सत्ता का मतलब जनकल्याण होना चाहिए। समाज को बांटने वाले देश के दुश्मन हैं। इन्हें पहचानना होगा। हम सभी को देश के दुश्मनों से मिलकर लड़ना होगा।

सरकार के फैसले पर विवाद

आडवाणी को बम से निशाना बनाने वालों को पैरोल

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु सरकार ने 1998 के कोयंबटूर बम धमाकों के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे पांच लोगों को 60 दिन की पैरोल दी है। माना जाता है कि इन धमाकों का मुख्य निशाना भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी थे। 14 फरवरी 1998 को तमिलनाडु के कोयंबटूर शहर में सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। इन धमाकों में 58 लोगों की मौत हुई थी और 250 से अधिक लोग घायल हुए थे। राज्य सरकार के इस फैसले को लेकर तमिलनाडु में राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। भाजपा ने विजय की टीवीके सरकार पर आरोप लगाया है कि वह कुछ दोषी आतंकियों के साथ नरमी बरत रही है और ऐसा राजनीतिक फायदा पाने के लिए किया जा रहा है। भाजपा का यह भी आरोप है कि सरकार मुस्लिम लीग का समर्थन बनाए रखने के लिए अल्पसंख्यकों को खुश करने की कोशिश कर रही है।

भाजपा का आरोप, सरकार दोषियों पर नरमी बरत रही

एयरलाइंस के किराया सीधे कंट्रोल नहीं करेगी सरकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि नए नियमों के तहत एयरलाइंस के किराए को सीधे कंट्रोल नहीं किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, एयरलाइंस मांग और उपलब्ध सीटों के हिसाब से किराया तय कर सकेंगी। हालांकि, किसी इमरजेंसी में सरकार के पास किराया तय करने का अधिकार होगा, ताकि यात्रियों को ज्यादा पैसे न देने पड़ें। नए नियमों के तहत, एयरलाइंस को फ्लाइट के किराए की जानकारी एक महीने पहले नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को देनी होगी। उसे यह जानकारी अपनी वेबसाइट पर भी दिखानी होगी। डीजीसीए निगरानी करेगा कि कोई भी एयरलाइन तय सीमा से ज्यादा किराया न वसूले। इससे पहले केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि एयरलाइंस के मनमाने किराए को रोकने के लिए दो हफ्ते में नए नियम लागू किए जाएंगे। कोर्ट सामाजिक कार्यकर्ता एस. लक्ष्मीनारायण की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।



पहले कहा था, मनमाने किराए रोकने के नए नियम लागू करेगी

त्योहारों में महंगे हुए फ्लाइट के टिकट

हवाई ईंधन की बढ़ती कीमतों और कम उड़ानों के कारण त्योहारी सीजन में एयरलाइंस किराए पिछले साल से काफी बढ़ गए हैं। विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने बताया कि एटीएफ की कीमतें बढ़ने से किराए नियंत्रित रखना चुनौती बन गई है। सरकार इस संबंध में एयरलाइंस और तेल कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है।

मिडटर्म चुनाव हार सकते हैं ट्रंप, 10 में से 9 सर्वे में पीछे

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका में 3 नवंबर को होने वाले मिडटर्म चुनाव राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी के लिए मुश्किल खड़ी कर सकते हैं। महंगाई, ईरान के साथ जंग और ट्रंप की घटती लोकप्रियता के बीच रिपब्लिकन पार्टी के लिए कांग्रेस में अपना बहुमत बचाना चुनौती बन गया है। 10 बड़े पब्लिक पोल में से सिर्फ 1 में रिपब्लिकन पार्टी आगे है। मिडटर्म चुनाव में राष्ट्रपति नहीं चुना जाता। इसमें अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस के दोनों सदनों- हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स और सीनेट की सीटों के लिए वोटिंग होती है। फिलहाल दोनों सदनों में रिपब्लिकन पार्टी को मामूली बहुमत है। अगर डेमोक्रेट्स जरूरी सीटें जीत लेते हैं, तो वे एक या दोनों सदनों में बहुमत हासिल कर सकते हैं। इससे ट्रंप के लिए अपने एजेंडे को लागू करना मुश्किल हो सकता है।



30% तक रेटिंग पहुंची

अमेरिका में ट्रंप के कामकाज से खुश लोगों की संख्या घट रही है। अलग-अलग सर्वे में सिर्फ 30 से 36% लोग ही उनके काम से खुश हैं। एनसीबी न्यूज के सर्वे में 34% लोगों ने ट्रंप के कामकाज को सही बताया। वॉशिंगटन पोस्ट-एसीबी न्यूज के सर्वे में 33% और फॉक्स न्यूज के सर्वे में 36% लोगों ने उनका समर्थन किया। प्यू रिसर्च सेंटर के सर्वे में ट्रंप को सबसे कम, यानी 30% लोगों का समर्थन मिला। ये ट्रंप के पहले कार्यकाल से भी कम हैं।

लखनऊ के शिवा हत्याकांड में श्रद्धा दुबे को नागपुर से किया गिरफ्तार

यूपी एसटीएफ ने बहन रश्मि और ड्राइवर दानिश को भी पकड़ा

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अवध ग्रीन अपार्टमेंट में कारोबारी शिवा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। शिवा शर्मा के परिजनों ने श्रद्धा दुबे पर गंभीर आरोप लगाए थे। 9 अक्टूबर को शिवा शर्मा की हत्याकांड के बाद से श्रद्धा दुबे फरार चल रही थी। मंगलवार को श्रद्धा दुबे को नागपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। लखनऊ में शिवा शर्मा हत्याकांड के बाद से श्रद्धा




दुबे लगातार अपनी लोकेशन बदल रही थी। वह भारत-नेपाल बॉर्डर के पास भी दिखी थी। ई-रिक्शा से वह नेपाल बॉर्डर के पास दिखाई दी थी। नेपाल बॉर्डर से पहले उसकी लोकेशन लखीमपुर खीरी और सीतापुर में मिलने की बात सामने आई थी। नागपुर में गिरफ्तारी से पहले श्रद्धा दुबे अपनी बहन के साथ आगरा पहुंची थी। आगरा के ताज नगरी फेज-1 स्थित होटल ओम पैलेस में 24 घंटे तक रुकी थी।

मुंबई पहुंचे अमेरिकी विदेश मंत्री

भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर जल्द लगेगी मुहर : रुबियो

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो तीन दिवसीय भारत यात्रा पर मंगलवार को मुंबई पहुंच गए। यहां उनकी मुलाकात विदेश मंत्री एस. जयशंकर से हुई। दोनों के बीच महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। बैठक में दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर जल्द मुहर लगेगी। दरअसल, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत और अमेरिका लंबे समय से लंबित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब पहुंच चुके हैं।



जामनगर का करेंगे दौरा

अपने दौरे के दौरान रुबियो आतंकवाद के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के अलावा गुजरात के जामनगर स्थित ऊर्जा केंद्र का भी दौरा करेंगे। वार्ता में व्यापार समझौते को गति देने के साथ-साथ वैश्विक ऊर्जा जरूरतों और रूसी तेल आयात जैसे संवेदनशील विषयों पर भी चर्चा होने की संभावना है। *(विस्तृत पेज-6 पर)*

पैरा एशियन गेम्स : दूसरे दिन रिकॉर्ड 24 मेडल जीते, अब तक 9 गोल्ड सहित 35 पदक

डिस्कस थ्रो में हरियाणा का क्लीन स्वीप, 3 मेडल कब्जाए


नागोया (एजेंसी)। पैरा एशियन गेम्स के दूसरे दिन हरियाणा के खिलाड़ियों ने धूम मचा दी। पुरुषों के डिस्कस थ्रो की एफ43/एफ44/एफ62/एफ64 इवेंट में तीनों मेडल जीतकर क्लीन स्वीप किया। चरखी दादरी के देवेंद्र कुमार ने गोल्ड, रोहतक के राकेश ने सिल्वर और भिवानी के प्रदीप कुमार ने ब्रॉन्ज जीता। फरीदाबाद के मनीष को शूटिंग में सिल्वर और तैराकी में रोहतक के हिमांशु ने ब्रॉन्ज जीता। भारत ने दूसरे दिन एथलेटिक्स, पैरा टेबल टेनिस, शूटिंग, पावरलिफ्टिंग और स्विमिंग में कुल 24 मेडल जीते। निषाद कुमार ने हाई जंप टी47 में गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता, जबकि दीप्ति जीवनजी और सिमरन शर्मा ने भी गोल्ड मेडल अपने नाम किए। भारत के अब तक 9 गोल्ड, 11 सिल्वर और 15 ब्रॉन्ज सहित कुल 35 मेडल हो गए हैं।

चरखी दादरी के देवेंद्र को गोल्ड, रोहतक के राकेश को सिल्वर, भिवानी के प्रदीप को ब्रॉन्ज

फरीदाबाद के मनीष को शूटिंग में सिल्वर तैराकी में रोहतक के हिमांशु को ब्रॉन्ज



दीप्ति (गोल्ड)



मनीष (सिल्वर)

निषाद कुमार ने दूसरा गोल्ड जीता

निषाद कुमार ने पैरा एशियन गेम्स में पुरुषों की हाई जंप टी47 स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 2.02 मीटर की छलांग लगाकर नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने पहले दिन लॉन्ग जंप में भी गोल्ड जीता था।

सिमरन ने 200 मीटर टी12 में गोल्ड जीता

भारत की सिमरन शर्मा ने 200 मीटर टी12 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 24.80 सेकेंड का समय निकालकर एशियन पैरा गेम्स रिकॉर्ड बनाया। भारत की तेजलबेन डामोर ने 25.23 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता, जबकि ईरान की हजर सफरजादेह 25.02 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

प्रणव सूरमा ने डिस्कस थ्रो में गोल्ड कब्जाया

प्रणव सूरमा ने एशियन पैरा गेम्स में पुरुषों के डिस्कस थ्रो एफ51/52/53 फाइनल में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 932 रजा पॉइंट्स के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि भारत के ही राम रतन सिंह 809 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इस तरह भारत ने इवेंट में गोल्ड और सिल्वर दोनों मेडल अपने नाम किए। प्रणव ने छह प्रयासों में 11.66 मीटर का बेस्ट थ्रो किया।

दीप्ति ने लगातार दूसरी बार सोना जीता

दीप्ति ने लगातार दूसरी बार इस इवेंट का गोल्ड जीता है। उन्होंने 2022 में 56.59 सेकेंड का समय लिया था। इस बार उन्होंने अपने समय में 0.23 सेकेंड का सुधार किया। जापान की नीना कानो ने सिल्वर और अकारी काटो ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। 23 साल की दीप्ति तेलंगाना की रहने वाली हैं। वे 2 बार पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीत चुकी हैं। उन्होंने 2024 में गोल्ड मेडल जीता था। वह इसी स्पर्धा में पैरालिंपिक ब्रॉन्ज मेडल भी जीत चुकी हैं। टी20 कैटेगरी के खिलाड़ियों को जानकारी समझाने, ध्यान लगाने और रेस की योजना बनाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

जियो प्लेटफॉर्म्स आईपीओ : भारत के डिजिटल भविष्य में हिस्सेदारी का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंबई

जियो की कहानी भारतीय कारोबार में सबसे उल्लेखनीय बदलावों में से एक है और इसका आईपीओ निवेशकों को इसके अगले अध्याय का हिस्सा बनने का अवसर देता है। 2016 में जब जियो दूरसंचार बाजार में आया, तब वह बेहद प्रतिस्पर्धी उद्योग में 14वाँ ऑपरेटर था। उसने स्थापित तौर-तरीकों को चुनौती दी, लाखों लोगों के लिए मोबाइल डेटा किफायती बनाया और भारत में संवाद, शिक्षा, कामकाज तथा कारोबार करने के तरीके बदल दिए। आज जियो केवल एक दूरसंचार कंपनी नहीं, बल्कि भारत की जुड़ी हुई डिजिटल अर्थव्यवस्था के केंद्र में मौजूद एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। जियो ने ऐसा व्यापक पैमाना हासिल किया है, जिसकी बराबरी दुनिया की बहुत कम प्रौद्योगिकी कंपनियाँ कर सकती हैं। जून 2026 तक इसके 53.33 करोड़ ग्राहक थे, जिनमें 28.49 करोड़ 5जी उपयोगकर्ता शामिल थे, और भारत के कुल डेटा ट्रैफिक में इसकी हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक थी। जून 2026 तक जियो ने 4जी, 5जी, 6जी और एआई-आधारित नेटवर्क ऑटोमेशन जैसी तकनीकों के लिए भारत और विदेशों में 7,220 पेटेंट आवेदन दाखिल किए थे। यह एक भारतीय कंपनी की महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इससे स्वदेशी तकनीक को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक ले जाने की संभावना बनती है। जियो निवेशकों को भारत में उभरते एआई अवसर में सीधे हिस्सेदारी देता है। इसकी मौजूदा 5जी क्षमताएँ भविष्य में 6जी के आगमन की तैयारी के लिए भी मजबूत आधार देती हैं। यह आईपीओ इसलिए भी असाधारण रूप से आकर्षक है क्योंकि इसके जरिए एक बड़े डिजिटल कारोबार को सार्वजनिक बाजार में लाया जा रहा है और प्राप्त धन कंपनी के कारोबार को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल होगा। जियो का यह इश्यू अधिकतम 27 करोड़ नए शेयरों का है।

निवेश के लिए आज से खुला, अंतिम तारीख 23 अक्टूबर

जियो के ब्रॉडबैंड में 2.86 करोड़ ग्राहक शामिल

फाइबर और वायरलेस सेवाओं सहित इसकी ब्रॉडबैंड मौजूदगी में 2.86 करोड़ जियो फाइबर और जियो एयर फाइबर ग्राहक शामिल हैं। इतना बड़ा ग्राहक आधार जियो को एक मजबूत बढ़त देता है। वह नए ग्राहकों का आधार शून्य से बनाने के बजाय अपने स्थापित नेटवर्क के माध्यम से लाखों लोगों तक नई सेवाएँ पहुँचा सकता है।



जियो ने अपनी तकनीकी क्षमताएं विकसित की

निवेशकों के लिए इसका अर्थ है कि उन्हें केवल भारत की मौजूदा डिजिटल अर्थव्यवस्था ही नहीं, बल्कि उसके संभावित भविष्य के विकास में भी हिस्सेदारी मिलती है। जियो इसलिए अलग है क्योंकि उसने बाहरी विक्रेताओं पर निर्भर रहने के बजाय भारत में ही महत्वपूर्ण तकनीकी क्षमताएँ विकसित की हैं। कंपनी ने देशभर में अपनी एंड-टू-एंड 5जी स्टैंडअलोन तकनीक विकसित कर लागू की है, जिससे वह ऐसी क्षमता रखने वाले दुनिया के चुनिंदा ऑपरेटरों में शामिल है।

खबर संक्षेप

दशहरा पर बंद रहा शेयर और सराफा बाजार

नई दिल्ली। दशहरा के अवसर पर मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में कारोबार बंद रहा। वहीं सोने-चांदी के रेट भी जारी नहीं हुए। जबकि, शाम को एमसीएक्स में ट्रेडिंग हुई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के 2026 के हॉलिडे कैलेंडर के मुताबिक, इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स और करेंसी मार्केट में आज ट्रेडिंग नहीं होगी। सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग (एसएलबी) सेगमेंट भी बंद रहा।

पंजाब एंड सिंध बैंक का लाभ 40 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर करीब 40 प्रतिशत बढ़कर 412 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से ब्याज आय बढ़ने से बैंक का लाभ बढ़ा है। बैंक ने बयान में कहा कि बीते वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में उसने 295 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बैंक की कुल आय चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बढ़कर 3,747 करोड़ रुपये रही।

बाजार शोध कंपनी ओम्डिया ने जारी की रिपोर्ट

भारत में स्मार्टफोन की बिक्री 26% घटकर दशक के निचले स्तर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत में स्मार्टफोन की बिक्री वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत घटकर 3.58 करोड़ इकाई रह गई। बाजार शोध कंपनी ओम्डिया की जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। यह 2016 के बाद किसी तीसरी तिमाही में सबसे कम बिक्री है।

- तीसरी तिमाही में सालान आधार पर घटकर 3 .58 करोड़ इकाई

रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान वीवो, ओप्पो और शाओमी जैसी प्रमुख चीनी कंपनियों की बिक्री में गिरावट आई, जबकि सैमसंग मामूली गिरावट के बावजूद फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंच गई। एप्पल भी सालाना आधार पर बिक्री में 20 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद शीर्ष पांच कंपनियों में शामिल रही।



त्योहारों के दौरान भी बिक्री घटी

खास बातें

- यह 2016 के बाद किसी तीसरी तिमाही में सबसे कम बिक्री
- सैमसंग मामूली गिरावट के बावजूद फिर से शीर्ष स्थान पर

रिपोर्ट में कहा गया, 'त्योहारों के दौरान भी वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में भारत के स्मार्टफोन बाजार की बिक्री सालाना आधार पर 26 प्रतिशत घटकर 3.58 करोड़ इकाई रह गई है। यह 2016 के बाद से तीसरी तिमाही की सबसे कम बिक्री है।'

वीवो दूसरे स्थान पर रहा

रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग ने तीसरी तिमाही में 67 लाख स्मार्टफोन की बिक्री के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। कंपनी की बिक्री में सालाना आधार पर करीब एक प्रतिशत की मामूली गिरावट आई, लेकिन उसकी बाजार हिस्सेदारी 19 प्रतिशत रही। वीवो 64 लाख इकाई की बिक्री के साथ दूसरे स्थान पर रही।

ओपो के महंगे फोन्स की डिमांड

रिपोर्ट में ओपो तीसरे नंबर पर है, जिसने 49 लाख यूनिट्स की शिपिंग की। हालांकि उसकी गिरावट भी 24 प्रतिशत ईयर ऑन ईयर है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ओपो की ए सीरीज की बिक्री पर असर पड़ा, लेकिन रेनो 16 सीरीज ने बेहतर प्रदर्शन किया जिससे महंगे फोन्स की डिमांड बनी रही। हालांकि इसमें ऑफर्स का भी रोल रहा।

शाओमी की बिक्री 28 फीसदी घटी

शाओमी की बिक्री 28 प्रतिशत घटकर 47 लाख इकाई और ओप्पो की बिक्री 24 प्रतिशत गिरकर 49 लाख इकाई रह गई। एप्पल 39 लाख इकाई की बिक्री के साथ शीर्ष पांच कंपनियों में शामिल रही।

तारीफ के काबिल एप्पल

रिपोर्ट की सबसे खास बात है एप्पल की ग्रोथ। प्रीमियम स्मार्टफोन बेचकर कंपनी 5वें नंबर है। उसने 39 लाख यूनिट्स की शिपमेंट की। कहा गया है कि एप्पल ने प्राइस बढ़ाने से पहले रिटेल स्टोर्स में स्टॉक जुटा लिया था। कंपनी ने आईफोन 18 लांच नहीं किया लेकिन आईफोन 17 और 16 की डिमांड लगातार बनी रही जिसका उसे फायदा हुआ। सितंबर में आईफोन 18 प्रो और प्रो मैक्स के आने से भी एप्पल को फायदा हुआ।

बिक्री की रफ्तार कमजोर रही

ओम्डिया के प्रमुख विश्लेषक संयम चौरसिया ने कहा कि सितंबर आमतौर पर ऑनलाइन बिक्री के बड़े आयोजन से पहले भंडार जुटाने के लिहाज से महत्वपूर्ण होता है, लेकिन इस बार बिक्री की रफ्तार कमजोर रही।

प्रोवोक की सूची में रिलायंस और टीसीएस के कार्यकारी शामिल

Reliance Industries Limited

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रोवोक मीडिया की 2026 की 'प्रभावशाली व्यक्ति सूची 100' में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और जिंदल स्टील के संचार और विपणन अधिकारियों को शामिल किया गया है। यह वैश्विक सूची प्रभावशाली कॉरपोरेट संचार, जन मामलों और विपणन नेताओं को मान्यता देती है। इस सप्ताह जारी की गई सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज के समूह संचार प्रमुख रोहित बंसल, टीसीएस के वैश्विक मुख्य विपणन एवं संचार अधिकारी अभिनव कुमार और जिंदल स्टील की कार्यकारी उपाध्यक्ष तथा कॉरपोरेट ब्रांड एवं संचार प्रमुख अर्पणा कुमार आहूजा शामिल हैं।

- प्रोवोक मीडिया ने प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची जारी की

कुमार दो दशकों से टीसीएस में

टीसीएस में दो दशकों से अधिक समय बिताने वाले कुमार ब्रांड रणनीति, मीडिया संबंधों, प्रायोजन, कार्यकारी संचार, सामग्री, जन मामलों और हितधारक जुड़ाव से जुड़े वैश्विक विपणन और संचार की देखरेख करते हैं।

प्रोवोक मीडिया द्वारा तैयार और एफजीएस ग्लोबल द्वारा प्रायोजित यह वार्षिक सूची प्रमुख वैश्विक व्यवसायों और संस्थानों में कॉरपोरेट प्रतिष्ठा, हितधारक जुड़ाव, विपणन रणनीति और संचार को आकार देने वाले वरिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित करती है। प्रकाशक ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि चयन प्रोवोक मीडिया के वरिष्ठ संपादकों द्वारा किया जाता है और यह सार्वजनिक मतदान या बजट के आकार पर आधारित नहीं है। बंसल ने रिलायंस इंडस्ट्रीज में 12 से अधिक वर्षों तक संचार का नेतृत्व किया है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

दुआ भी तकदीर बदल देती है तांत्रिक मास्टर किंग का एलान भटको चाहे जिधर काम होगा इधर 2 घंटे में समाधान



प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

वृष — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

मिथुन — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

सिंह — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

कन्या — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

तुला — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

वृश्चिक — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

धनु — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

मकर — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

कुंभ — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

मीन — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स का आईपीओ 26 अक्टूबर को खुलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एडेलवाइस फाइनेंशियल सर्विसेज की इकाई ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स लिमिटेड का 1,200 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 26 अक्टूबर को खुलेगा। आईपीओ दस्तावेजों (आरएचपी) के मुताबिक, यह सार्वजनिक निर्गम 28 अक्टूबर को बंद होगा। एंकर निवेशक 23 अक्टूबर को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। कंपनी का आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। इसके तहत एडेलवाइस समूह अपनी हिस्सेदारी बेचेगा। निर्गम में कंपनी नए शेयर जारी नहीं करेगी। ऐसे में आईपीओ से प्राप्त पूरी राशि शेयर बेचने वाले मौजूदा शेयरधारक को मिलेगी। कंपनी ने आईपीओ का आकार पहले प्रस्तावित 1,500 करोड़ रुपये से घटाकर 1,200 करोड़ रुपये कर दिया है। उसने इस साल जनवरी में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दस्तावेजों के मसौदे में 1,500 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने का प्रस्ताव रखा था।



- कंपनी 1200 करोड़ का आरंभिक आईपीओ ला रही

पीएनबी ने ग्राहकों को एआई के साइबर अटैक से किया सतर्क

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक ने कृत्रिम मेधा की मदद से आवाज की नकल, 'डीपफेक' और 'फिशिंग' (फर्जी संदेशों के जरिये गोपनीय जानकारी चुराने की कोशिश) जैसी साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को लेकर ग्राहकों को सतर्क किया है। बैंक ने उन्हें ऐसे मामलों में सावधानी बरतने और किसी भी संदेश या कॉल पर बिना पुष्टि के भरोसा नहीं करने की सलाह दी है। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने ग्राहकों को बताया कि हर साल अक्टूबर को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक चंद्रा ने ग्राहकों को दिए संदेश में कहा, ''आजकल साइबर धोखाधड़ी के कई मामलों में लोगों के व्यवहार, खासकर भरोसे, डर, जल्दबाजी और रोजमर्रा की डिजिटल आदतों का फायदा उठाया जाता है। धोखाधड़ी करने वाले आपके परिवार के सदस्यों, दोस्तों या भरोसेमंद लोगों की आवाज या चेहरा तक नकल कर सकते हैं और पैसे तुरंत भेजने के लिए किसी आपात स्थिति का झूठा दावा कर सकते हैं।

- आवाज की नकल, डीपफेक और फिशिंग जैसे मामले



पाकिस्तान ने आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाया

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को मामूली घटाकर 3.65 प्रतिशत कर दिया है। औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों की वृद्धि में हल्की सुस्ती को इसका प्रमुख कारण बताया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले मई, 2026 में सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 3.70 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था, जिसे पहले के चार प्रतिशत के अनुमान से घटाया गया था। 'डॉन' की खबर के अनुसार, ताजा संशोधन से संकेत मिलता है कि पाकिस्तान अपने आर्थिक वृद्धि दर के लक्ष्य से पीछे रहेगा। पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो में सोमवार को हुई राष्ट्रीय लेखा समिति (एनएसी) की 118वीं बैठक में इस संशोधन को मंजूरी दी। समिति के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 3.50 प्रतिशत, औद्योगिक क्षेत्र की 3.34 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र की 3.81 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इससे पहले इन क्षेत्रों की वृद्धि दर क्रमशः 2.89 प्रतिशत, 3.51 प्रतिशत और 4.09 प्रतिशत आंकी गई थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वित्त वर्ष 2025-26 में पाकिस्तान की आर्थिक वृद्धि दर 3.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

- वर्ष 2025-26 के लिए चार फीसदी से घटाकर 3.65 फीसदी किया




बजाज फाइनेंस के मुनाफे में 29 फीसदी का उछाल

नई दिल्ली। बजाज फाइनेंस लिमिटेड (बीएफएल) का सितंबर, 2026 में समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 29 प्रतिशत बढ़कर 6,367 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बताया कि ब्याज आय में सुधार से उसका मुनाफा बढ़ा है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ने एक साल पहले सितंबर तिमाही में 4,948 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। बीएफएल ने नियामकीय सूचना में एक्सचेंज को बताया कि तिमाही के दौरान उसकी कुल एकीकृत आय बढ़कर 24,576 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 19,992 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में कंपनी की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 24 प्रतिशत बढ़कर 13,335 करोड़ रुपये हो गई।



अल्ट्राटेक ने 2,650 करोड़ रुपये का सीमेंट संयंत्र किया शुरू

अमरावती। आंध्र प्रदेश के मंत्री नारा लोकेश ने कहा कि देश की सबसे बड़ी सीमेंट विनिर्माता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने राज्य के नंद्याल जिले में 2,650 करोड़ रुपये की लागत से तैयार पेटनिकोटा सीमेंट संयंत्र शुरू किया है। कंपनी ने इस परियोजना को निर्माण शुरू होने के 14 महीने के भीतर पूरा किया है। रायलसीमा क्षेत्र के कोलिमिगुंडला मंडल के पेटनिकोटा गांव में स्थित इस एकीकृत सीमेंट संयंत्र की ''क्लिंकर'' उत्पादन क्षमता सालाना 33 लाख टन और सीमेंट भेजने की क्षमता 36 लाख टन सालाना है। संयंत्र का निर्माण मई, 2025 में शुरू हुआ था। लोकेश ने कहा कि संयंत्र से 650 लोगों को प्रत्यक्ष और 2,000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है।




रा.प्रा.पाठशाला हसनगढ़

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला गांव हसनगढ़ (17969) खण्ड मुण्डलाना, जिला सोनीपत में एक कंडम कमरे की खुली बोली दिनांक 30.10.2026 को प्रातः 10 बजे पाठशाला प्रांगण में होगी। बोली के नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/-मुख्य शिक्षक,
रा.प्रा. पाठशाला हसनगढ़, मुण्डलाना
(सोनीपत), मो. 9991160290

शब्द पहेली - 6384



बाएँ से दाए-


1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

ऊपर से नीचे

1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

शब्द पहेली -6383 का हल

	अ	नु	भ	व		शा	का	हा	र
अ		क्का		ल		मि		लि		अ
ह	म		का	या	प	ल	ट		का	का
म		रा		का		हो		श		र
क	हा	नी	का	र		ना	म	क	र	ण
	द							सो		
अ	सा	म	यि	क		आ	ज	मा	ई	श
चा		स्त		म		रा		न		रा
न	ल		नी	ल	क	म	ल		खो	फ
क		भ		ना		दे		क		त
	को	ला	ह	ल		ह	र	जा	ई	



खबर संक्षेप

राजस्थान में 13 वर्षीय भाइयों का गला रेता

जयपुर। राजस्थान के डीग जिले में मंगलवार सुबह 13 वर्षीय जुड़वां भाइयों की कथित तौर पर गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, विनय चौधरी और विष्णु चौधरी के शव बड़ेसरा गांव में उनके घर के पास एक खाली भूखंड में मिले। पुलिस के अनुसार दोनों के शरीर पर धारदार हथियार से वार के कई निशान थे और सिर पर भी चोटें थीं। डीग के पुलिस अधीक्षक काम्बले एस. गोपीनाथ ने बताया कि मामले में एक संदिग्ध को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

केरल सराकर ने बढ़ाया 2 फीसदी महंगाई भत्ता

तिरुवनंतपुरम। फेस्टिव सीजन के बीच महंगाई भत्ते को लेकर बड़ी खुशखबरी है। केरल सरकार ने



महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में 2% की बढ़ोतरी करने का आधिकारिक ऐलान किया है। कर्मचारियों का डीए 35 से बढ़कर अब सीधे 37% पर पहुंच गया है। यह नया आदेश 1 जनवरी से लागू माना जाएगा।

असम में भीड़ के हमले में एक युवक की मौत

रंगिया। असम के कामरूप जिले में दुर्गा पूजा के दौरान कथित तौर पर भीड़ के हमले में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार रात रंगिया के पास पनितेमा गांव में हुई। दोनों युवक दुर्गा पूजा के पंडाल देखने के लिए घर से निकले थे। उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्यों और स्थानीय निवासियों के अनुसार करीब 19 साल की उम्र के दोनों दोस्त उत्सव का आनंद लेने के बाद घर लौट रहे थे।

उप्र के भदोही में पटाखा विस्फोट से छह झुलसे

भदोही (उप्र)। भदोही जिले के चौरी थानाक्षेत्र में मंगलवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान पटाखा विस्फोट होने से कम से कम छह लोग झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शुभम अग्रवाल ने बताया कि यह घटना चौरी थाना क्षेत्र में 'चौरी बाजार दुर्गा पूजा समिति' द्वारा आयोजित विसर्जन जुलूस के दौरान हुई। उन्होंने बताया कि पटाखा फोड़ने के दौरान उठी चिंगारी आतिशबाजी करने वाले शुभम विश्वकर्मा (25) के पटाखों से भरे बड़े बैग मे गिरने से विस्फोट हो गया।

नीरज कुमार की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

पटना। बिहार विधानपरिषद के द्विवार्षिक चुनाव से कुछ दिन पहले जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) के विधान पार्षद नीरज कुमार की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पार्टी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, 59-वर्षीय नीरज कुमार को सोमवार देर रात बेचैनी हुई, जिसके बाद उन्हें यहां मेदांता ले जाया गया।

दशहरा उत्सव का आनंद लेने के लिए उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज/भाषा ▶▶| नई दिल्ली

अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक दशहरा मंगलवार को पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान लोग रावण के पुतलों का दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में रामलीला मैदानों में पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने इंद्रप्रस्थ रामलीला मैदान में विजयादशमी समारोह में हिस्सा लिया। वहीं, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने लाल किले के पास रामलीला मैदान में आयोजित लव कुश रामलीला समारोह में भाग लिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने रावण के पुतले के दहन से पहले भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता की पारंपरिक आरती की।



'राक्षस कॉकरोच' का पुतला आकर्षण का केंद्र रहा

पीतमपुरा के डीडीए मैदान में श्री केशव रामलीला समिति की ओर से आयोजित विजयादशमी समारोह में 30 फुट ऊंचे 'राक्षस कॉकरोच' के पुतले को भी जलाया गया। कॉकरोच का यह विशाल पुतला लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा।



रामलीला मैदान में कलाकारों की आरती करते प्रधानमंत्री

कुल्लू में सैकड़ों देवलुओं संग निकली माता हिडिंबा की भव्य शोभायात्रा



हिमाचल प्रदेश में कुल्लू घाटी की अधिष्ठात्री मां देवी हिडिंबा मंगलवार को सैकड़ों कारकूनों व देवलुओं के साथ दशहरे की शोभा बढ़ाने कुल्लू रवाना हुईं। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की प्राचीन देव परंपरा निभाने के लिए अधिष्ठात्री माता हिडिंबा रवाना हो गईं। हले मनाली स्थित मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई।

हमारे आंदोलन की तुलना नेपाल और बांग्लादेश से न करें: दीपके

कहा-सीजेपी कार्यकर्ताओं का जेल जाना गांधीवादी सत्याग्रह

जेल से बाहर आकर फिर प्रदर्शन करेंगे

एजेंसी ▶▶| मुम्बई

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) चीफ अभिजीत दीपके ने मंगलवार को वीडियो मैसेज जारी किया। उन्होंने कहा कि भारत में हो रहे प्रदर्शनों की तुलना नेपाल और बांग्लादेश के सत्ता बदलाव वाले हिंसक प्रदर्शन से करना ठीक नहीं। दीपके ने कहा कि सौरव दास और आशुतोष रांका की गिरफ्तारी पर सीजेपी समर्थक शांत रहें। खुद पर नफरत को हावी न होने दें। आंदोलन को शांति और प्रेम के रास्ते पर चलते रहना चाहिए। मैसेज टु ऑल कॉकरोचेस हैडिंग से जारी वीडियो में दीपके ने कहा कि सौरव दास और आशुतोष रांका का शांतिपूर्वक जेल जाना गांधीवादी सत्याग्रह का सबूत है। दोनों मुस्कुराते हुए जेल गए और उनके मन में गुस्सा या नफरत नहीं थी। हमने हिंसा का रास्ता नहीं चुना।' उन्होंने कहा कि करुणा के प्रति इस आंदोलन की प्रतिबद्धता ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा, हम नफरत के खिलाफ लड़ रहे हैं हम उन लोगों के खिलाफ लड़ रहे हैं जिनके मन में सिर्फ नफरत भरी है। लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि हमारे अंदर नफरत न आ जाए। उन्होंने जोर देकर कहा, ₹हमें वह नहीं बनना है जिससे हम नफरत करते हैं। उन्होंने आंदोलन का विरोध करने वालों पर आरोप लगाया कि वे आंदोलन से जुड़े लोगों को उकसाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि वे अपना शांतिपूर्ण तरीका छोड़ दें। दीपके ने कहा कि गिरफ्तारियों की वजह से यह आंदोलन पीछे नहीं हटेगा। साथ ही, उन्होंने समर्थकों से अपना और अपने परिवार का ख्याल रखने की अपील की। उन्होंने कहा, ₹हम पीछे नहीं हटेंगे। ऐसा नहीं है कि सौरव और आशु के जेल चले जाने से हम डर जाएंगे।

सीजेपी और उसके समर्थक मतदाता सूचियों के एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं



■ बोले-सौरव दास और आशुतोष रांका की गिरफ्तारी पर सीजेपी के समर्थक शांत रहें

सौरव और आशुतोष को 12 को गिरफ्तार किया गया था

दोनों के खिलाफ जंतर-मंतर पर बिना अनुमति के जाने पर पुलिस ने की थी कार्रवाई

सौरव दास और आशुतोष रांका को 12 अक्टूबर दिल्ली के जंतर-मंतर में बिना अनुमति जाने के लिए गिरफ्तार किया गया था। जंतर-मंतर पर अब विरोध नहीं किया जा सकता। गिरफ्तारी के बाद, दास और रांका को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। पांच दिन की न्यायिक हिरासत सोमवार को खत्म हुई थी। इसके बाद उनकी न्यायिक हिरासत दो दिन बढ़ाकर 21 अक्टूबर तक कर दी गई है।

'भारत के प्रदर्शन विदेशी आंदोलनों से अलग'



दीपके ने फ्रांस में हुए हिंसक युवा दंगों और बांग्लादेश-नेपाल के सत्ता बदलाव आंदोलनों का जिक्र करते हुए कहा, 'जो लोग लगातार उंगली उठाकर कहते हैं कि फ्रांस में देखिए क्या हो रहा है, उन्हें शर्म आनी चाहिए। भारत में जो हो रहा है, उसे देखिए। दीपके ने कहा कि सौरव दास और आशुतोष दोनों को पता था कि उन्हें गैरकानूनी तरीके से जेल भेजा जा रहा है। इसके बावजूद वे शांति से जेल गए। हमारे आंदोलन की तुलना हिंसक सत्ता बदलाव से नहीं की जा सकती। यह वैसा ही है जैसा महात्मा गांधी ने किया था। उनके मुताबिक, गांधी सत्याग्रह के कारण जेल जाते समय शांति से गए थे। दीपके ने कहा सौरभ और रांका बाहर आने के बाद भी उसी तरह मुस्कुराएंगे। वे 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा लगाएंगे और महात्मा गांधी के शांति व अहिंसा के रास्ते पर चलते रहेंगे।

सीजेपी नेता न्यायिक हिरासत के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे



नई दिल्ली (भाषा)। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेताओं सौरव दास और आशुतोष रांका ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ाए जाने के खिलाफ तत्काल सुनवाई का अनुरोध करते हुए मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। दास और रांका ने उच्च न्यायालय में रात के समय सुनवाई किये जाने का अनुरोध किया। दशहरा के कारण उच्च न्यायालय में अवकाश है। सोमवार को मंदिर मार्ग थाने में नवनियुक्त विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने दोनों को पेश किए जाने के बाद उनकी न्यायिक हिरासत दो दिन बढ़ाने का आदेश दिया था। इससे पहले दोनों को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए लगाई गई पाबंदियों का उल्लंघन करने के बाद 13 अक्टूबर को शुरुआती तौर पर पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

राजस्थान में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार

भाषा ▶▶| जयपुर

जयपुर में पुलिस ने एक फर्जी तकनीकी सहायता कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करके मंगलवार को दो महिलाओं सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया। इस कॉल सेंटर के जरिए अमेरिकी नागरिकों से करोड़ों रुपये की ठगी किए जाने का आरोप है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरोह भांकरोटा क्षेत्र से संचालित हो रहा था और आईफोन से जुड़ी तकनीकी समस्याओं का समाधान करने के नाम पर अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाता था। विशेष पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश ने बताया कि छापेमारी के दौरान 19 मोबाइल फोन और 12 लैपटॉप जब्त किए गए।

■ अमेरिकी नागरिकों से करोड़ों की ठगी का आरोप

■ छापेमारी के दौरान 19 फोन और 12 लैपटॉप भी जब्त

आरोपी टोल-फ्री नंबरों का करते थे इस्तेमाल

आरोपी एक्स-लाइट सॉफ्टवेयर और टोल-फ्री नंबरों का इस्तेमाल करके अमेरिकी नागरिकों से संपर्क करते थे और उन्हें आईफोन से जुड़ी कथित तकनीकी समस्याओं में सहायता देने की पेशकश करते थे। आरोपियों पर तकनीकी सहायता के नाम पर ग्राहकों से पैसे लेने और उनकी गोपनीय बैंकिंग जानकारी हासिल करने की कोशिश करने का आरोप है।

मुंबई में 13 मंजिला बिल्डिंग में लगी आग, नौ घायल

■ इलेक्ट्रिकल डक्ट से फैली आग, बचाव अभियान में तेज

एजेंसी ▶▶| मुम्बई

मुंबई के कुर्ला इलाके में एक 13 मंजिला रिहायशी इमारत में आग लग गई। इस घटना में तीन बच्चों समेत 9 लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि यह आग इलेक्ट्रिकल डक्ट में लगी थी। अधिकारियों के अनुसार, कुर्ला पश्चिम स्थित कोहिनूर एचडीआईएल बिल्डिंग नंबर 5 में सुबह करीब 6:53 बजे आग लगी। आग इलेक्ट्रिकल वायरिंग और डक्ट के जरिए फैल गई थी, जिस पर फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने सुबह 7:21 बजे काबू पा लिया गया। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि इमारत में



घना धुआं भर जाने के कारण 8 लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई, जबकि एक व्यक्ति के दाहिने पैर में चोट आई है। घायलों में 5 साल का एक बच्चा, 2 किशोर लड़कियां और एक बुजुर्ग शामिल हैं। इन सभी को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मुंबई फायर ब्रिगेड, पुलिस, बिजली कंपनी, 108 एंबुलेंस सेवा और वार्ड के कर्मचारियों को भेजा गया था।

वाराणसी में नमो घाट पर होगा वायुसेना का भव्य हवाई प्रदर्शन

कार्यक्रम का विषय 'विंग्स ओवर गंगा' रखा गया

एजेंसी ▶▶| वाराणसी (उप्र)

भारतीय वायुसेना की ओर से वाराणसी में 22, 24 और 25 अक्टूबर को 'नमो घाट' पर भव्य हवाई प्रदर्शन का आयोजन होगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 'इंडियन एयरफोर्स एरियल डिस्प्ले 2026' के नाम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में होने वाले इस कार्यक्रम में भारतीय वायुसेना अपनी ताकत, तकनीकी क्षमता और हवाई युद्ध कौशल का प्रदर्शन करेगी। कार्यक्रम का विषय 'विंग्स ओवर गंगा' रखा गया है। इस आयोजन के जरिए भारतीय वायुसेना की गौरवशाली विरासत, आधुनिक



हवाई क्षमता और देश की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया जाएगा। वायुसेना के अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में कुल 100 विमानों को शामिल किया गया है, जिनमें 52 लड़ाकू विमान, 15 परिवहन विमान और 32 हेलीकॉप्टर शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि हवाई प्रदर्शन में राफेल, सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, मिराज-2000, जगुआर और स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस जैसे लड़ाकू विमान अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

यूसुफ पठान को 20 करोड़ की जमीन 5.5 करोड़ में दी

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

गुजरात सरकार ने सांसद यूसुफ पठान को वडोदरा में 978 वर्ग मीटर का प्लॉट देने की मंजूरी दे दी है। इसकी कुल कीमत 20.53 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसमें 500 वर्ग मीटर जमीन फ्री दी जाएगी, जिसकी कीमत 10.50 करोड़ रुपये है। वहीं, बाकी 478 वर्ग मीटर जमीन के लिए तय कीमत का 55 फीसदी यानी करीब 5.52 करोड़ रुपए देने होंगे।

इस संबंध में नगर निगम को जरूरी आदेश जारी कर दिए गए हैं। नगर निगम आयुक्त ने प्लॉट आवंटन का प्रस्ताव मंजूरी के लिए स्थायी समिति के सामने रखा है। हालांकि, प्लॉट के मालिकाना हक



इसको लेकर गुजरात सरकार से विवाद था

4 महीने पहले ही ममता गुट छोड़ा

लेने के लिए अभी अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। इस जमीन को लेकर गुजरात सरकार और क्रिकेटर यूसुफ पठान के बीच 14 साल से विवाद था।

यूसुफ पठान ने 14 जून को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) छोड़कर नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में शामिल हो गए थे। उनके साथ टीएमसी के 19 अन्य सांसदों के भी पार्टी छोड़ने का दावा किया गया था।

पंजाब में डीसी के गनमैन ने पत्नी व बेटों को गोली मारकर सुसाइड किया

दो की मौत और दो गंभीर

एजेंसी ▶▶| मानसा

पंजाब के मानसा में मंगलवार सुबह करीब साढ़े 6 से 7 बजे पुलिसकर्मी ने अपनी सरकारी बंदूक से पत्नी और दो बेटों को गोली मार दी। इसके बाद खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना में पुलिसकर्मी और उसके छोटे बेटे की मौत हो गई, जबकि पत्नी और बड़े बेटे को बठिंडा एम्स रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान पुलिसकर्मी गुरविंदर सिंह और उसके बेटे जोत सिंह के रूप में हुई है। वहीं, पत्नी हरप्रीत कौर और दूसरे बेटे दिलशान सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है। गुरविंदर सिंह मानसा के डिप्टी कमिश्नर के गनमैन के रूप में तैनात था और पिछले दो दिनों से छुट्टी पर चल रहा था। गुरविंदर सिंह



सोमवार को ही अपने नए घर में शिफ्ट हुआ था। घर का काम अभी अधूरा था और सामान भी पूरी तरह शिफ्ट नहीं किया गया था। पुलिस ने घर को सील कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस की शुरुआती जांच में घटना का कारण घरेलू विवाद माना जा रहा है। वार्ड नंबर-5 के निधान सिंह नगर में रहने वाले 40 वर्षीय सीनियर कांस्टेबल गुरविंदर सिंह ने अपनी सरकारी बंदूक से पहले पत्नी हरप्रीत कौर (36) और दोनों बेटों दिलशान सिंह व जोत सिंह को गोली मार दी।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने घोंडा-नांगलोई में मारा छापा

नकली इनो व फेवीक्विक बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल/दिल्ली

दिल्ली में नामी ब्रांड्स के नाम पर नकली उत्पाद तैयार कर बाजार में खपाने के कथित कारोबार का खुलासा हुआ है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने घोंडा और नांगलोई में छापेमारी कर नकली इनो और फेवीक्विक बनाने व पैक करने वाली इकाइयों का भंडाफोड़ किया है।

कार्रवाई के दौरान लाखों नकली पाउच, पैकेजिंग सामग्री और उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली मशीनें बरामद की गईं। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों नवीन सिंघल (51) और बलराज बंसल (45) को गिरफ्तार किया है। पुलिस



■ फैक्ट्री से मशीन और कच्चा माल भी मिला

■ अंतरराज्यीय नेटवर्क की जांच में जुटी

के मुताबिक, 17 और 18 अक्टूबर को घोंडा के दो गोदामों और नांगलोई के अमन पुरी स्थित एक अवैध निर्माण एवं पैकेजिंग यूनिट पर छापेमारी की गई। इस दौरान 1,97,856 पैक इनो पाउच बरामद किए गए। इसके अलावा 310 किलोग्राम से अधिक खुले पाउच मिले, जिनकी संख्या करीब चार लाख बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान 1,12,560 नकली फेवीक्विक पाउच भी जब्त किए गए। पुलिस को बड़ी मात्रा में पैकेजिंग सामग्री मिली, जिसका इस्तेमाल लाखों यूनिट तैयार करने में किया जा सकता था। इसके साथ ही एमडीएच मसाले की पैकिंग से जुड़ी सामग्री भी बरामद हुई है। क्राइम ब्रांच अब पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।


भाजपा का तंज, ट्वीट कर लिखा- झूठ फैलाते-फैलाते थक गए

राहुल वियतनाम गए, फ्लाइट का वीडियो पोस्ट किया

कांग्रेस ने किया पलटवार कहा-दूसरे लोग भी विदेश जाते हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देशभर में एसआईआर को लेकर प्रदर्शन के बीच भाजपा ने दावा किया है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी वियतनाम गए हैं। पार्टी ने फ्लाइट के अंदर का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया है। वीडियो में एक व्यक्ति दिखाई दे रहा है, जिसे भाजपा ने राहुल गांधी बताया है। पार्टी ने कैप्शन में लिखा- 'झूठ फैलाते-फैलाते थक गया। कुछ दिन वियतनाम घूम आता हूं, किसी को क्या ही पता चलेगा।' हालांकि, वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की पहचान और विमान के वियतनाम जाने की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। कांग्रेस ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल के विदेश जाने को मुद्दा क्यों बनाया जा रहा है, जबकि दूसरे लोग भी विदेश यात्राएं करते हैं।



राजनीतिक काम का दबाव नहीं सह पाते राहुलः भाजपा

भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि राहुल पहले भी ऐसा पहले भी करते रहे हैं। बिहार में यात्रा के बाद भी राहुल गांधी वियतनाम यात्रा पर गए थे। संभव है कि इस बार भी वहीं गए हों। वहीं भाजपा नेता शाजिया इल्मी ने कहा कि राहुल राजनीतिक काम का दबाव नहीं सह पाते और कुछ समय बाद छुट्टी पर चले जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी दो हफ्ते भी काम नहीं कर पाए और फिर विदेश चले गए।



राहुल के विदेश जाने को मुद्दा क्यों बनाया जा रहा

कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने भाजपा के आरोपों पर पलटवार किया। उन्होंने सवाल उठाया कि राहुल गांधी कहां जाते हैं और कब यात्रा करते हैं, इसे मुद्दा क्यों बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरे लोग भी विदेश जाते हैं। संदीप ने राहुल गांधी की विदेश यात्राओं का बचाव करते हुए कहा कि वे येल यूनिवर्सिटी और लंदन में छात्रों से बातचीत करते हैं। वहां बुद्धिजीवियों से मिलते हैं और प्रेस को इंटरव्यू भी देते हैं।



चिंतन

ऊर्जा कूटनीति में बढ़ता भारत का कद



मुद्दा
प्रो.(डॉ.) मनोज दयाल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रूस से तेल खरीदने पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने वाले कानून को फिलहाल रोकने के फैसले से भारतीय निर्यातकों को राहत मिली है, लेकिन इसे स्थायी समाधान मानना भूल होगी। यह घटनाक्रम बताता है कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में कूटनीति, आर्थिक हित और चुनावी राजनीति किस तरह एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं। भारत के लिए यह राहत अपनी ऊर्जा नीति की कमजोरियों को दूर करने का अवसर है। रूसी तेल पर बढ़ती निर्भरता, घटते मूल्य लाभ और अमेरिकी प्रतिबंधों का जोखिम दीर्घकालिक रणनीति पर पुनर्विचार की मांग करते हैं। तेल आयात के स्रोतों में विविधता, रणनीतिक भंडार का विस्तार और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देकर ही भारत ऐसी नीति बना सकता है, जो बाहरी दबावों से मुक्त होकर राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे।

वैश्विक राजनीति में किसी देश की ताकत केवल उसकी सैन्य क्षमता, आर्थिक आकार या तकनीकी प्रगति से नहीं आंकी जाती, बल्कि यह भी देखा जाता है कि वह दुनिया की जरूरतों को पूरा करने में कितनी निर्णायक भूमिका निभा सकता है। ऊर्जा क्षेत्र में भारत तेजी से इसी मुकाम की ओर बढ़ रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो का भारत को 'रिफाइनिंग महाशक्ति' कहना इसी बदलती वैश्विक हकीकत का संकेत है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब युद्ध, प्रतिबंधों और आपूर्ति में अनिश्चितता के बीच ऊर्जा सुरक्षा दुनिया की बड़ी आर्थिक और कूटनीतिक चुनौती बनी हुई है। भारत की रिफाइनिंग क्षमता अब घरेलू जरूरतों तक सीमित नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में उसकी बढ़ती ताकत का आधार है। भारत की विशेषता विभिन्न देशों से कच्चा तेल खरीदकर उसका प्रसंस्करण करने और पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करने की क्षमता है। भारतीय रिफाइनरियां अलग-अलग गुणवत्ता वाले कच्चे तेल के प्रसंस्करण में सक्षम हैं। यही कारण है कि वेनेजुएला के भारी कच्चे तेल के उत्पादन और विपणन में भारत की भूमिका की संभावनाएं अमेरिका को आकर्षित कर रही हैं। रूबियो ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ वेनेजुएला में तेल उत्पादन को लेकर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की प्रस्तावित चर्चा का उल्लेख किया है। यह भारत की औद्योगिक क्षमता और ऊर्जा क्षेत्र में उसकी उपयोगिता की अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता का प्रमाण है। भारत-अमेरिका संबंधों के लिहाज से भी यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण है। व्यापार, तकनीक और रक्षा के साथ ऊर्जा दोनों देशों के सहयोग का अहम स्तंभ है। वेनेजुएला में संभावित साझेदारी से निवेश, उत्पादन और आपूर्ति के नए अवसर खुल सकते हैं। हालांकि, वहां लागू प्रतिबंधों और संबंधित नियमों की बाधाओं को दूर करना आसान नहीं होगा। इसलिए किसी भी समझौते को राजनीतिक सद्भाव के बजाय व्यावसायिक व्यवहार्यता और भारत के दीर्घकालिक हितों की कसौटी पर परखना जरूरी है। भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता सर्वोपरि हैं। देश अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव, समुद्री मार्गों पर संकट और प्रतिबंध भारतीय अर्थव्यवस्था, महंगाई तथा आम उपभोक्ता को सीधे प्रभावित करते हैं। रूस से तेल खरीद को लेकर पश्चिमी देशों के दबाव के बीच आपूर्तिकर्ता देशों में विविधता लाना समझदारी है। वेनेजुएला सहित विभिन्न स्रोतों से तेल हासिल करने के विकल्प भारत की सौदेबाजी की क्षमता बढ़ा सकते हैं। लेकिन एक देश पर निर्भरता घटाकर दूसरे पर निर्भर हो जाना समाधान नहीं है। कीमत, गुणवत्ता, परिवहन लागत और भू-राजनीतिक जोखिम का संतुलित आकलन जरूरी है। भारत की रिफाइनिंग क्षमता उसकी ताकत है, लेकिन इससे कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता समाप्त नहीं होती। वास्तविक ऊर्जा सुरक्षा के लिए घरेलू उत्पादन, नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन और विद्युत परिवहन को बढ़ावा देना होगा। रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का विस्तार और आपूर्ति के वैकल्पिक मार्गों की तैयारी भी जरूरी है। अब चुनौती इस क्षमता को निवेश, सुरक्षित आपूर्ति और आर्थिक लाभ में बदलने की है। भारत को केवल तेल का बड़ा खरीदार नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता और सहयोग का भरोसेमंद भागीदार बनना चाहिए। यही ऊर्जा कूटनीति में उसके बढ़ते कद का वास्तविक अर्थ है।

आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े भारत

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक हस्ताक्षर ने भारतीय निर्यातकों को फिलहाल राहत की सांस दी है। रूस से तेल खरीदने पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने वाला कानून लिंडसे ओ ग्राहम सेक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट-2026 लागू होने से ठीक 24 घंटे पहले रोक दिया गया। यह महज एक कानूनी छूट नहीं है। यह तो कूटनीति, तेल की राजनीति और अमेरिकी घरेलू चुनाव का मिला-जुला परिणाम है। सवाल अब यह नहीं है कि खतरा टला कैसे। सवाल यह है कि इस अस्थायी राहत को भारत स्थायी अवसर में कैसे बदले? क्योंकि यह खतरा टला है। मिटा नहीं है। 18 अक्टूबर 2026 वह तारीख थी।जब इस कानून के तहत भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान जैसे रूस के 5 सबसे बड़े तेल ग्राहकों के उत्पादों पर अमेरिका में 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगना था। रूस पर यह शुल्क 500 प्रतिशत तक था, लेकिन 16 अक्टूबर को व्हाइट हाउस ने आदेश जारी कर कहा कि राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय हित में इस कानून को छूट देने का निर्णय लिया है। यह आदेश उसी हफ्ते आया जब ट्रम्प ने दावा किया कि पुतिन ने अमेरिका और वैश्विक बाजार के लिए 3 लाख टन डीजल तुरंत, नवंबर में 5 लाख टन और उसके बाद 10 लाख टन अतिरिक्त डीजल देने पर सहमति दी है। इसके बाद 30 लाख टन डीजल और रिलीज किया जाएगा।

पहला सुझाव यहीं से निकलता है। भारत को समझना होगा कि अमेरिका का ऊर्जा निर्णय नैतिकता नहीं, आवश्यकता से चलता है। जब अमेरिका में कच्चा तेल 110 डॉलर प्रति बैरल के पार चला गया, तो ट्रम्प ने रूस से ही डीजल मांग लिया। यानी प्रतिबंध का सिद्धांत बाजार के दबाव में झुक जाता है। भारत को भी अपनी नीति को नैतिक दबाव में नहीं, बल्कि ठोस आर्थिक तर्क पर रखना चाहिए और दुनिया को यह तर्क आक्रामक तरीके से समझाना चाहिए। इस यू-टर्न के पीछे दूसरा बड़ा कारण अमेरिका के मध्यावधि चुनाव हैं, जो एक महीने से भी कम समय में होने वाले हैं। अमेरिकी मीडिया ने स्पष्ट लिखा कि तेल के दाम बढ़ने से मतदाता नाराज होता है।अगर भारत और चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगता, तो वैश्विक सप्लाई चेन टूटती, शिपिंग लागत बढ़ती और अमेरिकी पंप पर पेट्रोल महंगा हो जाता। ट्रम्प यह जोखिम नहीं ले सकते थे।

दूसरा सुझाव है कि चुनावी राजनीति को कूटनीतिक हथियार बनाइए। अमेरिका पर दबाव बनाने का सबसे अच्छा समय वही है।जब वहां महंगाई चुनावी मुद्दा हो। भारत को अमेरिका के साथ ट्रेड डील की बातचीत में इस बात को लिंक करना चाहिए कि भारत सस्ता रूसी तेल खरीदकर दरअसल वैश्विक तेल कीमतों को स्थिर रख रहा है। अगर भारत बाजार से निकल गया, तो कीमतें 120-130 डॉलर तक जा सकती हैं, जिसका सीधा नुकसान अमेरिकी उपभोक्ता को होगा। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत के कुल कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी 2 प्रतिशत से भी कम थी, कुछ अनुमानों में तो 0.2 प्रतिशत ही थी। आज वही रूस भारत का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। इस वर्ष भारत औसतन 18.2 लाख बैरल प्रतिदिन रूसी तेल खरीद रहा है। जून 2026 में यह आंकड़ा 26 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गया था, जुलाई में 25.7 लाख बैरल और अगस्त में घटकर 20.8 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। अगस्त में भी रूस का



हिस्सा भारत के कुल आयात का 45 प्रतिशत था। उक्त आंकड़ों से तीसरा सुझाव निकलता है।

तीसरा सुझाव है कि हमें घटते डिस्काउंट का गणित अवश्य ही समझना होगा। 2023 में रूसी तेल पर 40 डॉलर तक का डिस्काउंट मिल रहा था, जो जुलाई 2026 में घटकर 1-2 डॉलर ही रह गया था। सितंबर में फिर यह 23 डॉलर हुआ। यानी सस्ते तेल का युग अब वैसा नहीं रहा। भारत को केवल डिस्काउंट के पीछे नहीं भागना चाहिए। भारत ने 2022 से 2025 के बीच रूसी तेल से करीब 12 बिलियन डॉलर बचाए, लेकिन अब लागत में शिपिंग, इंश्योरेंस और अमेरिकी दबाव का जोखिम भी जोड़ना होगा। रिफाइनरियों को एक फॉर्मूला बनाना चाहिए - यदि ट्रंप टैरिफ वापस आता है तो 5 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त खर्च को झेलने के लिए कम से कम 13.7 डॉलर प्रति बैरल का डिस्काउंट चाहिए।

चौथा सुझाव है कि हमें आयात टोकरी में विविधता लानी होगी। 45 प्रतिशत निर्भरता खतरनाक है। चाहे वह मध्य पूर्व पर हो या रूस पर। भारत को अपनी टोकरी फिर से संतुलित करनी होगी। वेनेजुएला, ब्राजील, गुयाना और अफ्रीका से दीर्घकालिक अनुबंध करने का यह सही समय है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने भी कहा है कि यह छूट अस्थायी है, स्थायी समाधान नहीं।

पांचवां सुझाव है कि हमें रणनीतिक भंडार बनानी होगी। जब जून में 26 लाख बैरल रोज खरीद रहे थे, तब भंडार भरने का सुनहरा मौका था। भारत का स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व अभी केवल 9-10 दिन का है। इसे बढ़ाकर 90 दिन करने का लक्ष्य रखना चाहिए, जैसा अमेरिका और जापान के पास है। जब डिस्काउंट ज्यादा हो, तो भंडार भरिए, जब कम हो तो उसका उपयोग कीजिए। यह राहत 100 प्रतिशत टैरिफ से मिली है। पर याद रखिए। भारत पर पहले से ही अमेरिका का 18 % पटैरिफ लगा हुआ है, जो अगस्त 2025 में 50 प्रतिशत तक पहुंच गया था। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। इसलिए भारत सरकार और उद्योग के लिए 4 और व्यावहारिक सुझाव है।

छठा सुझाव है दस्तावेजीकरण और पारदर्शिता लाएं। अमेरिका का आरोप है कि भारत रूसी तेल को रिफाइन कर यूरोप को बेच रहा है। भारत को अपने रिफाइनरी डेटा को अधिक पारदर्शी बनाना चाहिए और यह साबित करना चाहिए कि आयात घरेलू खपत के लिए है।

सातवां, हम रुपया-रूबल तंत्र को मजबूत करें। डॉलर में भुगतान करने पर अमेरिकी प्रतिबंधों का खतरा रहता है। रुपया-रूबल में व्यापार को संस्थागत बनाइए ताकि अमेरिकी वित्तीय प्रणाली से टकराव कम हो।

आठवां, हम ट्रेड डील को गति दें। यह सबसे अच्छा मौका है। अमेरिका ने खुद कानून रोका है, इसका मतलब वह बातचीत चाहता है। भारत को इस विंडो में अमेरिका के साथ एक छोटी लेकिन ठोस ट्रेड डील कर लेनी चाहिए, जिसमें ऊर्जा को प्रतिबंधों से बाहर रखा जाए।

नौवां और अंतिम, हम ऊर्जा में आत्मनिर्भरता का रोडमैप तैयार करें।सुझात्मक पत्रकारिता का अंतिम लक्ष्य समाधान है। दीर्घकाल में समाधान रूसी तेल नहीं है। समाधान है-ग्रीन हाइड्रोजन, इथेनॉल ब्लेंडिंग, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और घरेलू तेल उत्पादन। जब तक हम 85 प्रतिशत तेल आयात करेंगे, तब तक हर अमेरिकी चुनाव और हर रूस-यूक्रेन मिसाइल हमारे बजट को हिलाती रहेगी। अतः निष्कर्ष के रूप में हम कह सकते हैं कि ट्रम्प का यह आदेश भारत के लिए एक लाइफलाइन है। लेकिन लाइफलाइन पर हमेशा लटका नहीं जा सकता। भारत को इस मोहलत का उपयोग एक ऐसी ऊर्जा नीति बनाने में करना चाहिए जो न तो वाशिंगटन में लिखी जाए, न मॉस्को में, बल्कि दिल्ली में-भारतीय हित में।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

सतर्कता
डॉ. मोनिका शर्मा



अंधेरा नहीं प्रकाश फैलाने का काम करें स्क्रीन सितारे

देश-दुनिया से जुड़े मामलों में सोची-समझी रणनीति संग बोलने वाले फिल्मी सितारों को स्वयं अपने दायित्वबोध को लेकर भी तो सचेत चाहिए, क्योंकि युवाओं पर उनकी हर गतिविधि का असर होता है। स्क्रीन की दुनिया से जुड़े लोकप्रिय चेहरों द्वारा आमजन के विचार-बर्ताव गहराई से प्रभावित होते हैं। यहां तक कि पर्दे पर दिखती कोई फिल्मी भूमिका भी लोगों के मन तक उतर जाती है। बीते दिनों 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने फिल्मी कलाकारों अपील की कि वे ऐसी चीजों का प्रचार न करें, जिनसे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। राष्ट्रपति मुर्मू के अनुसार 'अत्यधिक लोकप्रिय फिल्मी कलाकारों में देश के लोगों, विशेषकर युवाओं को प्रभावित करने की बड़ी ताकत होती है। ऐसे में जब जनप्रिय सितारे अनुशासित जीवनशैली के महत्व के बारे में चर्चा करते हैं, तो लोग उस पर ध्यान देते हैं। लोग उनका अनुसरण करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं भारत के बड़े सितारों से निवेदन करना चाहूंगी कि वे ऐसी किसी भी चीज का प्रचार न करें जो शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकती है। एक सितारे का काम प्रकाश फैलाना होता है। अंधेरा नहीं।' वस्तुतः, यह बहुत व्यावहारिक सा पक्ष है कि जनप्रियता अपने साथ जिम्मेदारी भी लाती है। फिल्मी दुनिया से जुड़े चेहरों की बातें और बर्ताव न केवल चर्चा का विषय बनते हैं, बल्कि उनका अनुसरण करने की मानसिकता भी खूब देखने को मिलती है। सोशल मीडिया की बढ़ती पहुंच के कारण अब फिल्मी सितारों द्वारा वर्चुअल स्क्रीन पर परोसी गई सामग्री भी युवाओं के मानस पर दस्तक देने लगी है। पल-पल सामने आते अपने पसंदीदा चेहरों के द्वारा किए गए विज्ञापन तो बहुत सरलता से युवाओं को किसी बुरी लत, नकारात्मक बर्ताव या जीवन को असहज करने वाली आदत का अनुसरण करके के मार्ग पर धकेल देते हैं। स्पष्ट है कि लोकप्रिय चेहरों का हानिकारक उत्पादों का प्रचार करना पूरी सामाजिक व्यवस्था पर असल डालता है। युवा और किशोर ऐसी प्रचार सामग्री से भ्रमित होते हैं। ऐसे विज्ञापन बेहद आकर्षक होते हैं। इनके संवाद हों या भाव-भंगिमा, नई पीढ़ी की मनःस्थिति पर सीधा असर करते हैं। सामाजिक-पारिवारिक जीवन से जुड़ी उनकी सोच बदलते हैं। व्यक्तिगत जिंदगी की दिशा तय करते हैं। ऐसे में समझना कठिन नहीं कि लोकप्रिय चेहरों द्वारा हानिकारक उत्पादों का प्रचार करना पूरी सामाजिक व्यवस्था पर असल डालता है। वस्तुतः, जन-कल्याण से जुड़े सजगता लाने वाले विज्ञापन हों या विशुद्ध व्यावसायिक उत्पादों का प्रचार, लोकप्रिय चेहरों की पहुंच और प्रभाव दोनों असरकारी साबित होते हैं। यही वजह है कि कंपनियां मोटी धनराशि चुकाकर इन सितारों को अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चुनती हैं। विज्ञापन से मिलने वाली मोटी रकम के चलते अपने क्षेत्र में नाम कमाने वाले अधिकतर चर्चित चेहरे भी ना सिर्फ विज्ञापनों की दुनिया का हिस्सा बनते हैं, बल्कि बिना किसी चयन और मापदंड के किसी भी उत्पाद या सेवा के उपयोग की सलाह देते भी दिखते हैं। इसीलिए किसी विज्ञापन के माध्यम से समाज में जा रहे सन्देश को देने से पहले उसके असर को समझना, लोकप्रिय चेहरों का दायित्व है। चर्चित चेहरों को एक आम नागरिक के रूप में भी अपनी जवाबदेही का स्मरण होना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भी कहा जा चुका है कि दुनिया भर में हर साल तम्बाकू उत्पादों के सेवन से लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है।साथ ही लोगों को बहकाने के लिए विज्ञापन रणनीतियों का सहारा लिया जाता है, जिन पर नौ अरब डॉलर का ख़र्च होता है।विचारणीय है कि हर तरह के उत्पाद के प्रचार के लिए फिल्मी हस्तियों को आगे करने की सोच दुनिया के हर हिस्से में है। उनकी ख्याति को अपने उत्पाद की पहुंच बढ़ाने का माध्यम बनाने की व्यावसायिक रणनीति सदा से रही है। नतीजतन, यह स्पष्ट दिखता है कि फिल्मी चेहरों द्वारा प्रचारित बहुत से नुकसानदेह उत्पादों-सेवाओं ने सहजता से लोगों के जीवन में स्थान बना लिया है। विशेषकर शराब, तंबाकू, कर तरह के शीतल पेय और कई तरह की गेमिंग एवं ऑनलाइन गतिविधियों के खतरे तो जग-जाहिर हैं। ऐसे में लोकप्रिय सितारों को जनता से मिले प्रेम, सराहना और विश्वास के भाव की अनदेखी करने के बजाय अपने दायित्व को समझना चाहिए। ध्यातव्य है कि महाराष्ट्र एफडीए आयुक्त तुकाराम मुंढे द्वारा भी राष्ट्रपति का वीडियो साझा करते हुए कहा गया कि प्रभाव का मतलब छूट नहीं है। किसी खाद्य उत्पाद के प्रचार की बात आती है तो स्वास्थ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता। कलाकारों को अपने प्रभाव के साथ ही कानून का सम्मान करते हुए किसी उत्पाद, व्यवहार या आदत का प्रचार करते समय अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

दान की बड़ी महिमा



संकलित
प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

अंतर्मन



आज की पाती

अराजकता के पीछे के चेहरे पहचानना जरूरी

लोकतंत्र में सरकारों के विरुद्ध असंतोष व्यक्त करना नागरिकों का अधिकार है, लेकिन जब विरोध प्रदर्शन हिंसा, आगजनी, तोडफ़ोड़ और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का माध्यम बन जाएं, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि विरोध के पीछे केवल जनाक्रोश है या कोई अपने निहित स्वार्थों के लिए इस आक्रोश का इस्तेमाल भी कर रहा है। इन दिनों यूरोप के अनेक देशों में उभरते विरोध प्रदर्शनों ने इसी चिंता को गहरा किया है। फ्रांस, इटली, अल्बानिया, पुर्तगाल और बेल्जियम में महंगाई, बेरोजगारी, आवास संकट, शिक्षा तथा सरकारी नीतियों के विरुद्ध प्रदर्शन हो रहे हैं। कुछ मांगें जायज हो सकती हैं, लेकिन अराजकता फैलाने से किसी भी देश का भला नहीं होगा।

- मनोज शर्मा, महम

ट्रेंड

अपने संसाधनों पर भरोसा रखें



हमें अपने संसाधनों पर भरोसा रखना चाहिए। अपने संकल्प को शक्ति में बदलना चाहिए और अपनी मेहनत से समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए। क्योंकि भगवान श्रीराम ने हमें सिखाया है कि कठिनाइयां हमारी यात्रा को रोक नहीं सकतीं। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

आतंक की कोई जगह नहीं



आतंकवाद को सही ठहराने का कोई आधार नहीं हो सकता। इससे निपटने में दोहरे मापदंड नहीं हों। आतंकवादियों को धन देने वालों, उनका समर्थन करने वालों या उन्हें सुरक्षित ठिकाने मुहैया कराने वालों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। -राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

भाजपा लोगों को बांट रही



देश में हर कोई जानता है कि बांटने वाली पॉलिटिक्स कौन कर रहा है। भाजपा नेता लोगों को बांट रहे हैं, उनकी सोच नेगेटिव है और वे पुराने विचार थोपना चाहते हैं। वे अंडरग्राउंड काम करते हैं, सुरंगों में रहते हैं और साजिशें रचते हैं। एसआईआर प्रक्रिया होने के बावजूद मतदाता सूची में गड़बड़ियां बनी रहीं। -अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष

ज्ञानेश इस्तीफा दें



ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना चाहिए। निर्वाचन आयोग और उसके आईटी प्रभाग में पूरी तरह से बदलाव किया जाए। कानून के तहत मतदाता सूची को लेकर ईआरओ के पास वैधानिक अधिकार हैं, लेकिन देशभर में ईसीआईनेट प्रणाली और निर्वाचन आयोग के आईटी प्रभाग ने इन उपायों को दरकिनार किया। -जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव

करंट अफेयर

संयुक्त राष्ट्र ने फलस्तीनियों की खाद्य सहायता घटाई

संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी ने गंभीर वित्तीय संकट के कारण गाजा में पांच लाख और वेस्ट बैंक में दो लाख फलस्तीनियों को दी जाने वाली खाद्य सहायता में कटौती की है। एजेंसी के प्रमुख ने यह जानकारी दी। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के कार्यवाहक प्रमुख कार्ल स्काऊ ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता देने की अपील की, ताकि एजेंसी खाद्य सहायता बहाल करने और अगले छह महीने तक गाजा तथा वेस्ट बैंक में गर्म भोजन एवं खाद्य पैकेट उपलब्ध कराने में सक्षम हो सके। उन्होंने कहा कि धन की कमी के कारण इस महीने गाजा में खाद्य सहायता पाने वाले लोगों की संख्या 16 लाख से घटाकर 11 लाख और वेस्ट बैंक में चार लाख से घटाकर दो लाख कर दी गई है। दोनों फलस्तीनी क्षेत्रों का दौरा कर लौटे स्काऊ ने यरुशलम से वीडियो ब्रीफिंग के दौरान संयुक्त राष्ट्र से कहा कि गाजा में जीवन अब भी ''बेहद कठिन'' और अविश्वसनीय रूप से खतरनाक है। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र की टीमों ने पिछले सप्ताह हर दिन लगभग 50 हमले दर्ज किए। हालांकि, उन्होंने कहा कि पिछले साल अक्टूबर में इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के बाद से ''हम अकाल की स्थिति को पीछे करने में सक्षम रहे हैं।''



ऑफ बीट

अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ सेहत के लिए नुकसानदेह

अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ को लोग ज्यादा अच्छा नहीं मानते हैं। कई अध्ययनों में इन्हें कई तरह की दीर्घकालिक बीमारियों से जोड़ा गया है। कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंशर इन्हें जहर तक बताते हैं। जनस्वास्थ्य के कुछ विशेषज्ञ इनके उत्पादन और उपभोग पर दुनिया भर में पूरी तरह रोक लगाने की मांग करते हैं। साधारण शब्दों में कहें तो अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बड़े पैमाने पर औद्योगिक तरीके से तैयार किए जाने वाले खाद्य उत्पाद हैं। इन्हें बनाने में ऐसे घटकों का इस्तेमाल होता है, जो आमतौर पर घरों की रसोई में नहीं मिलते। इनमें अपने मूल स्वरूप में मौजूद साबुत खाद्य पदार्थ बहुत कम मात्रा में होते हैं या बिल्कुल नहीं होते। एनओवीए प्रणाली खाद्य पदार्थों को उनके प्रसंस्करण के स्तर के आधार पर चार श्रेणियों में बांटती है। एनओवीए की पहली श्रेणी में ऐसे असंसाधित या बहुत कम प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ आते हैं, जो पौधों या जानवरों से प्राप्त होते हैं और अपने प्राकृतिक स्वरूप के करीब होते हैं। इनमें कोई अतिरिक्त पदार्थ नहीं मिलाया जाता। इन अध्ययनों से एक नतीजा लगातार सामने आया है-जो लोग ज्यादा अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ खाते हैं, उनमें कई दीर्घकालिक बीमारियों और समय से पहले मृत्यु का खतरा अधिक होता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

निषाद कुमार ने जीते 2 गोल्ड, एथलेटिक्स में भारत का बोलबाला, पदकों की संख्या 30 के पार

एजेंसी ▶▶ नागोया

भारत के लिए पैरा एशियाई खेल का तीसरा दिन शानदार रहा है। तीसरे दिन 20 अक्टूबर को 5 गोल्ड मेडल जीत लिए। इसी के साथ भारत के कुल पदकों की संख्या भी 30 के पार पहुंच गई और मेडल टैली में भारत ने छठे स्थान पर जगह बना ली है।

निषाद कुमार किसी एक एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय बन गए हैं। उन्होंने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले दूसरे दिन उन्होंने लॉन्ग जम्प में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं एशियाई पैरा खेलों के पुरुष चक्का फेंक के एफ44/64 स्पर्धा में भारतीयों ने तीनों पदक अपने नाम किए, जिसमें देवेंद्र



कुमार ने स्वर्ण पदक जीता। भारत के लिए छठा गोल्ड अनुभवी फर्राटा धाविका सिमरन ने जीता। फिर फिर पुरुषों की एफ51/52/53 स्पर्धा में प्रणव सूरमा ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस तरह एथलेटिक्स में भारत ने अब तक कुल 6 गोल्ड जीते हैं। वहीं एक गोल्ड भारत को पैरा शूटिंग में मोना अग्रवाल ने दिलवाया था।

दौड़ : फर्राटा धाविका सिमरन को स्वर्ण

अनुभवी फर्राटा धाविका सिमरन ने एशियाई पैरा खेलों में नए रिकॉर्ड के साथ महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता जबकि हमवतन तेजलबेन दामोर ने कांस्य पदक हासिल किया। सिमरन ने 24 . 80 सेकंड का समय निकाला और ईरान की हजर सफरजादेह को पछाड़ा, जिन्होंने 25 . 02 सेकंड का समय लिया। पहली बार इन खेलों में उतरी तेजलबेन ने 25.23 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। टी12 श्रेणी उन खिलाड़ियों के लिए हैं, जो काफी हद तक दृष्टिबाधित होते हैं।



पैरा एशियाई खेल

पावरलिफ्टिंग : अशोक ने जीता रजत पदक

अशोक ने एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की 65 किलो पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता। सैतीस वर्ष के अशोक ने 192 किलो वजन उठाया। चीन के पैरालम्पिक चैम्पियन जोउ यि ने 216 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। इंडोनेशिया के मारगोनो को कांस्य पदक मिला। अशोक ने 187 किलो के साथ शुरुआत की जबकि दूसरे प्रयास में 192 किलो वजन उठाया। वह अंतिम प्रयास में 201 किलो नहीं उठा सके। सोनीपत जिले के गोहाना के रहने वाले अशोक को बचपन में पोलियो हो गया था। पैरा पावरलिफ्टिंग एक बेंच प्रेस प्रतियोगिता है, जिसमें शरीर के ऊपरी हिस्से की ताकत की परीक्षा ली जाती है। इसमें केवल एक ही स्पर्धा होती है लेकिन खिलाड़ी अलग-अलग वजन श्रेणियों में हिस्सा लेते हैं। पावरलिफ्टिंग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के कूल्हों या पैरों में कोई शारीरिक अक्षमता होती है।

चक्काफेंक: प्रणव ने जीता स्वर्ण

प्रणव सूरमा ने पुरुषों की चक्काफेंक एफ51/52/53 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि राम रतन सिंह को रजत पदक मिला। उन्होंने चौथे प्रयास में 11 . 66 मीटर थ्रो फेंककर नए एशियाई रिकॉर्ड के साथ पहला स्थान हासिल किया। 31 वर्ष के सिंह ने दूसरे प्रयास में 10.35 मीटर का थ्रो फेंककर रजत पदक जीता। ईरान के अलीरजा हेमामी को कांस्य पदक मिला। हेमामी ने 20.20 मीटर का थ्रो फेंका लेकिन रजा अंक प्रणाली के कारण वह तीसरे स्थान पर रहे।

400 मीटर टी20 स्पर्धा : दीप्ति जीवनजी ने जीता गोल्ड

दीप्ति जीवनजी ने रिकॉर्ड के साथ महिलाओं की 400 मीटर टी20 स्पर्धा में 56.36 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। तेलंगाना के वारंगल के एक दूरदराज के गांव से ताल्लुक रखने वाली दीप्ति के माता-पिता अपने गांव में छोटे किसान हैं और मजदूरी भी करते हैं। दीप्ति की प्रतिभा को सबसे पहले उनके स्कूल के एक शारीरिक शिक्षा शिक्षक ने पहचाना था। बैडमिंटन के दिग्गज खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद ने भी उनकी मदद की।

आईसीसी टी20 रैंकिंग

नंदनी ने लगाई लंबी छलांग, क्रांति को बढ़त

एजेंसी ▶▶ दुबई

जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच जिताऊ प्रदर्शन के बाद, भारत की नंदनी शर्मा और क्रांति गौड़ को आईसीसी महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में फायदा मिला है। वहीं, बांग्लादेश के खिलाफ 3-0 से क्लीन स्वीप के बाद, ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट, एलिस पेरी और एनाबेल सदरलैंड ने वनडे रैंकिंग में अपनी स्थिति बेहतर की है।

भारतीय गेंदबाजों में नंदनी ने सबसे बड़ी छलांग लगाई। जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरुआती दो टी20 मुकाबलों में तीन विकेट लेने के बाद, वह 26 स्थान ऊपर चढ़कर 45वें नंबर पर पहुंच गई हैं। इस दाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने पहले मैच में 11 रन देकर दो विकेट लिए थे और अब वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 507 रेटिंग प्वाइंट्स तक पहुंच गई हैं। वहीं, क्रांति ने पहले दो मैचों में एक-एक विकेट चटकाए। वह नौ स्थानों की छलांग लगाकर 43वें नंबर पर पहुंच गई हैं।

शेफाली चौथे स्थान पर बरकरार

भारत की बल्लेबाजी रैंकिंग में भी बदलाव देखने को मिला है। दूसरे टी20 में 25 गेंदों पर 55 रन बनाने के बाद, शेफाली वर्मा चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। वहीं, सीरीज के पहले मैच में 37 गेंदों पर 49 रन बनाने के बाद, दीप्ति शर्मा एक स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 37वें नंबर पर आ गई हैं।



न्यूजीलैंड को गेंदबाजी रैंकिंग में फायदा

न्यूजीलैंड को गेंदबाजी रैंकिंग में भी फायदा हुआ है। जेस केर 5 स्थान ऊपर चढ़कर 17वें नंबर पर आ गई हैं, जबकि ब्री इलिंग 6 स्थान के सुधार के साथ अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 23वें नंबर पर पहुंच गई हैं। मैन्सी पटेल 5 स्थान ऊपर चढ़कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 35वें नंबर पर आ गई हैं।

शेफाली को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया

नंदनी शर्मा ने 18 रन देकर 3 विकेट लिए

भारत ने घर पर सबसे बड़ी टी-20 जीत दर्ज की

हरमनप्रीत ने नाबाद 91 रन बनाए, इंटरव्यू के दौरान भावुक हुईं

भारत ने जिम्बाब्वे को 92 रन से हराया, टी-20 सीरीज 3-0 से जीती

भाषा ▶▶ रायपुर

पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपने पुराने तेवरों का शानदार नमूना पेश करके नाबाद 91 रन की जबरदस्त पारी खेली जिससे भारत ने मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिम्बाब्वे को 92 रन से हराकर तीन मैच की शृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हरमनप्रीत के 41 गेंदों में नाबाद 91 रन और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 37 गेंद पर 69 रन की मदद से सात विकेट पर 216 रन बनाए। इसके जवाब में जिम्बाब्वे की टीम सात विकेट पर 124 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से शार्ने मायर्स ने 60 और बिलव्ड बिजा ने 44 रन का योगदान दिया लेकिन इससे केवल हार का अंतर ही कम हो पाया। भारत की तरफ से नंदिनी शर्मा ने चार ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट लिए। भारत ने पहला मैच चार विकेट और दूसरा मैच नौ विकेट से जीता था। अब इन दोनों टीम के बीच तीन वनडे मैच की शृंखला खेली जाएगी। भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना ने बल्लेबाजों को अधिक मौके देने के उद्देश्य से टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला



किया। इसी उद्देश्य से उन्होंने अनुष्का शर्मा (20 गेंदों में 28 रन) को शेफाली के साथ बल्लेबाजी का आगाज करने के लिए भेजा। शेफाली ने लगातार दूसरा अर्धशतक बनाकर भारत की पारी को आगे बढ़ाया। अनुष्का और शेफाली ने 32 गेंदों में 54 रन की साझेदारी करके पारी की अच्छी नींव रखी। अनुष्का ने पांचवें ओवर में टेंडाई मकुशा की गेंद पर जोरदार छक्का जड़ा। दूसरी ओर शेफाली ने भी तूफानी बल्लेबाजी की और अपने पांचों छक्के डीप मिड-विकेट के ऊपर से लगाए। भारतीय सलामी बल्लेबाज ने स्पिनरों के खिलाफ स्वीप शॉट का भी प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया। शेफाली के आउट होने के बाद हाल में तीनों प्रारूप की कप्तानी छोड़ने वाली हरमनप्रीत ने कमान संभाली। उन्होंने भी अपनी पारी में पांच छक्के लगाए। विकेट बल्लेबाजी के लिए अनुकूल था जिसमें हरमनप्रीत ने अपने आक्रामक कौशल का शानदार नमूना पेश किया। यह 37 वर्षीय बल्लेबाज एशिया कप में धीमी पिचों पर लय हासिल नहीं कर पाई थी जबकि एशियाई खेलों में उन्हें बल्लेबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिला था। यह पूर्व कप्तान इसके बाद काफी भावुक हो गई थी। पिछली 10 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बना पाने वाली हरमनप्रीत ने कहा, ''मुझे क्रीज पर कुछ समय बिताने का मौका मिला। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मैं केवल अपने खेल का आनंद लेना चाहती थी और जितना हो सके उतनी देर तक बल्लेबाजी करना चाहती थी।'' भारत ने आखिरी पांच ओवरों में चार विकेट खोकर 62 रन बनाए। जिम्बाब्वे की तरफ से बिलव्ड बिजा ने 50 रन देकर तीन विकेट लिए। जिम्बाब्वे की टीम बड़े लक्ष्य के सामने किसी भी समय जीत हासिल करने की कोशिश करती हुई नहीं दिखी।

भारत- 216/7 (20)

खिलाड़ी	रन
शेफाली वर्मा का माकुशा बो बिजा	69
अनुष्का शर्मा का ग्वांजुरा बो सिबांडा	28
निकी प्रसाद का फिरि बो ग्वांजुरा	9
हरमनप्रीत कौर नाबाद	91
रिचा घोष का ग्वांजुरा बो बिजा	1
दीप्ति का मुपाचिकवा को माकुशा	0
अरूंधति रेड्डी का चिगोरा बो बिजा	4
प्रेमा रावत रन आउट	4
क्रांति गौड़ नाबाद	0
अतिरिक्त : 10 रन	
योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 216 रन	
गेंदबाजी : सिबांडा 4-0-33-1, माकुशा 4-0-45-1, चिगोरा 3-0-40-0, फिरि 3-0-33-0, ग्वांजुरा 2-0-15-1, बिजा 4-0-50-3	

जिम्बाब्वे-124/7 (20)

खिलाड़ी	रन
केलिस नधलोवु का प्रसाद बो गौड	00
शार्ने मेयर्स का शैफाली बो प्रसाद	60
मोडेस्टर मुपाचिक्वा का घोष बो नंदनी	01
बिलव्ड बिजा बो नंदनी	44
न्याशा ग्वांजुला बो रेड्डी	02
चिपो का शैफाली बो दीप्ति	07
लोरिन फिरी का रावत बो नंदनी	01
तेंडाई माकुशा नाबाद	01
नोमवेलो सिबांडा नाबाद	01
अतिरिक्त: 07	
कुल: 20 ओवर में सात विकेट पर 124 रन	
गेंदबाजी: क्रांति गौड़ 3-0-19-1, नंदनी शर्मा 4-0-18-3, शैफाली वर्मा 1-0-2-0, अरुंधति रेड्डी 3-0-26-1, प्रेमा रावत 3-0-36-0, दीप्ति शर्मा 4-0-18-1, निकी प्रसाद 2-0-5-1	

खबर संक्षेप



शेफाली ने किया नियम का उल्लंघन, लगी फटकार

दुबई। शेफाली वर्मा को जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में एक कैच छूटने के बाद हताशा में मैदान पर गेंद जमीन पर फेंकने के कारण आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई गई। रायपुर में रविवार को भारत की 9 विकेट से जीत के दौरान 22 वर्ष की शेफाली को आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया। उन्हें खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता की धारा 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट के उपकरणों या कपड़ों, मैदान के उपकरणों, या साजो सामान के दुरुपयोग से संबंधित है।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: दर्शकों को मिलेगी फ्री में एंट्री


नई दिल्ली। जालंधर और मोहाली में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होने वाली पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैचों में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश मिलेगा। हॉकी इंडिया ने यह घोषणा की। जालंधर स्थित ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम और मोहाली स्थित ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में कुल मिलाकर 20 मैच खेले जाएंगे। लीग चरण के सभी मैच 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक जालंधर में खेले जाएंगे जबकि सेमीफाइनल और फाइनल 4 और 5 नवंबर को मोहाली में होंगे।

स्टार्क ने रचा इतिहास, टेस्ट में लिए 450 विकेट

एजेंसी ▶▶ ग्केबेर्हा

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी मिचेल स्टार्क टेस्ट क्रिकेट में 450 विकेट हासिल करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज बन गए हैं। स्टार्क ने यह उपलब्धि दूसरे टेस्ट की पहली पारी में हासिल की, जब तीसरे दिन की शुरुआत में उन्होंने वियान मुल्डर को आउट किया।

इसी के साथ स्टार्क टेस्ट करियर में 450 विकेट हासिल करने वाले ग्लेन मैक्ग्रा के बाद दूसरे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज और कुल मिलाकर चौथे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए हैं।



बने दूसरे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज

109 मुकाबलों में छुआ आंकड़ा

मिचेल स्टार्क ने सिर्फ 109 मुकाबलों में 450 टेस्ट विकेट का आंकड़ा छुआ। इसी के साथ स्टार्क सबसे कम मुकाबलों में इस आंकड़े को छूने वाले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की लिस्ट में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ग्लेन मैक्ग्रा ने ऐसा 100वें टेस्ट मैच में किया था, जबकि शेन वॉर्न ने यहां तक पहुंचने के लिए 101 मुकाबले खेले। वैश्विक स्तर पर बात करें, तो मुथैया मुरलीधरन इस लिस्ट में शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 80 टेस्ट मुकाबलों में यह आंकड़ा छुआ था। वहीं, भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (89) इस फेहरिस्त में दूसरे पायदान पर मौजूद हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने किया सीरीज पर कब्जा, न्यूजीलैंड को हराया

एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नॉर्थ सिडनी ओवल में खेले गए टी20 सीरीज के दूसरे मैच को 40 रन से अपने नाम किया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज का पहला मुकाबला 2 विकेट से अपने नाम किया था। इसके बाद दूसरा टी20 भी जीतकर मेजबान टीम ने सीरीज पर अपना कब्जा जमा लिया है। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच इसी मैदान पर 22 अक्टूबर को खेला जाना है।

सिडनी में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी : ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 167 रन बनाए। इस टीम ने 41 रन तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद बेथ मूनी ने एशले गार्डनर के साथ चौथे विकेट के लिए 35 गेंदों में 60 रन जुटाकर टीम को शतक के पार पहुंचा दिया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर 127 रन ही बना सकी। इस टीम को 10 के स्कोर पर जॉर्जिया प्लिमर (6) के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद कप्तान अमेलिया केर ने मोर्चा संभाला। उन्होंने फ्लोरा डेवोनशायर (12) के साथ दूसरे विकेट के लिए 26 रन, जबकि मैडी ग्रीन (26) के साथ तीसरे विकेट के लिए 41 रन जुटाकर टीम को 77 के स्कोर तक पहुंचाया।

टेनिस

निंगबो ओपन नहीं खेलेंगी इगा डब्ल्यूटीए रेस से हुईं बाहर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने निंगबो ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। इसके साथ ही वह डब्ल्यूटीए फाइनल्स में पहुंचने की रेस से भी बाहर हो गई हैं।

स्वियातेक ने यह फैसला अपनी जांघ की चोट के कारण लिया है। उन्हें यह चोट वुहान ओपन के सेमीफाइनल में अपनी ही देश की खिलाड़ी माजा चवालिनस्का के खिलाफ खेलते समय लगी थी। इस फैसले के साथ ही पोलैंड की इस खिलाड़ी के लिए डब्ल्यूटीए फाइनल्स में सीधे क्वालीफाई करने की संभावनाएं खत्म हो गई हैं। अब उनके पास साल के अंत में होने वाले इस टूर्नामेंट में खेलने का एकमात्र तरीका यह है कि वह एक वैकल्पिक खिलाड़ी के तौर पर इसमें शामिल हों।

खुद को आराम देने का सही फैसला

स्वियातेक ने कहा, काफी सोच-विचार के बाद मैंने इस टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। पिछले कुछ हफ्तों से मुझे अपनी बाईं जांघ में लगातार परेशानी हो रही है। मुझे लगता है कि खुद को आराम देने और ठीक होने के लिए समय देना ही सही फैसला है।" उन्होंने आगे कहा, मैं यहां खेलने के लिए बहुत उत्साहित थी। मैं टूर्नामेंट के आयोजकों और उन सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जो मुझे खेलते हुए देखना चाहते थे। मुझे अगले साल फिर से यहां आने का बेसब्री से इंतजार रहेगा।

टूर्नामेंट की रेस में 9वें स्थान पर

2023 की डब्ल्यूटीए फाइनल्स विजेता स्वियातेक, फिलहाल साल के अंत में होने वाले टूर्नामेंट की रेस में 9वें स्थान पर हैं। क्वालीफिकेशन के लिए अब केवल एक ही जगह बची है। स्वियातेक के साथ इस जगह के लिए चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा भी रेस में थीं, जो फिलहाल सातवें स्थान पर हैं।

सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए 10 सदस्यीय भारतीय महिला टीम घोषित

कजाकिस्तान में म्हारी 7 बेटियां दिखाएंगी दांप पेच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारतीय कुश्ती संघ ने आगामी सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय महिला कुश्ती टीम का ऐलान कर दिया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 24 अक्टूबर से 1 नवंबर तक कजाकिस्तान में आयोजित की जाएगी, जिसमें देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए 10 प्रतिभाशाली महिला पहलवानों का चयन किया गया है। चयनित टीम में 50 किलोग्राम में उत्तरप्रदेश की नीलम सीरोही, 53 किलोग्राम में जींद की निशु भानवाला, 55 किलोग्राम में महाराष्ट्र की अहिल्या शिंदे, 57 किलोग्राम में दिल्ली की नेहा शर्मा, 59 किलोग्राम में रोहतक की मनीषा भानवाला, 62 किलोग्राम में चरखी दादरी की नेहा सांगवान, 65 किलोग्राम में चरखी दादरी की रजनीता जांगड़ा, 68 किलोग्राम में सृष्टि, 72 किलोग्राम में हिसार की तनु शर्मा, 76 किलोग्राम में सोनीपत की काजल ढोचक का चयन हुआ है। इन सभी खिलाड़ियों से देश को विश्व स्तर पर पदक की भारी उम्मीदें हैं। इस चयन पर हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश ने गहरा हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश और विशेषकर हरियाणा के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा हमारी महिला पहलवानों ने कड़ी मेहनत और पसीने के दम पर विश्व मंच पर अपनी जगह बनाई है। हमें पूरा विश्वास है कि कजाकिस्तान के इस महामुकाबले में ये सभी बेटियां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश का तिरंगा झंडा ऊंचा करेंगी और ऐतिहासिक पदक जीतकर लौटेंगी। संघ इन सभी खिलाड़ियों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है।





एआई सुरक्षा मानकों के लिए वैश्विक संगठन बनाने पर जोर

सैम ऑल्टमैन ने फिर जताई चिंता | कहा- अकेली एक कंपनी नहीं रोक सकती बेकाबू एआई, साथ जरूरी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने अपने कर्मचारियों के साथ एक बैठक में स्पष्ट किया कि एडवांस्ड एआई को किसी बड़े संकट में बदलने से रोकने के लिए केवल एक कंपनी का प्रयास कभी काफी नहीं होगा। उन्होंने तर्क दिया कि एआई के विकास को धीमा करने के व्यावहारिक रास्ते बहुत कम हैं, इसलिए अब यह सुनिश्चित करना सबसे जरूरी है कि इसका अंतिम नियंत्रण हमेशा इंसानों के हाथ में ही रहे। उन्होंने कहा कि एक अन्य विकल्प में कोई एक एआई कंपनी इतनी आर्थिक और तकनीकी ताकत हासिल कर ले कि दूसरी कंपनियों को जरूरी कंप्यूटिंग संसाधन न मिल सकें।

बड़ी एआई कंपनियां मिलकर करें काम

सैम ऑल्टमैन ने बचाव के लिए खास दो उपाय सुझाए हैं। पहले विकल्प में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की तर्ज पर एक वैश्विक संगठन बनाने का विचार है। यह संस्था एडवांस्ड एआई के लिए सुरक्षा मानक तय कर सकती है और उनके पालन की निगरानी कर सकती है। इस व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए अमेरिका और चीन जैसे प्रमुख देशों के बीच सहयोग जरूरी हो सकता है। दूसरे विकल्प में बड़ी एआई कंपनियां मिलकर एक साझा संस्था के तहत काम कर सकती हैं। इसका विचार सीईआरएन जैसी अंतरराष्ट्रीय रिसर्च संस्था से जुड़ा है, जहां कई देश मिलकर वैज्ञानिक अनुसंधान करते हैं।



सैम ऑल्टमैन

आतंकवाद शांति और विकास के लिए गंभीर खतरा

एससीओ की शासनाध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की दो टूक


एजेंसी ▶▶ दुशांबे

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद को शांति और विकास के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक बताया है। उन्होंने ताजिकिस्तान के दुशांबे में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शासनाध्यक्ष परिषद (सीएचजी) की 25वीं बैठक में बोलते हुए कहा कि आतंकवाद से न केवल निर्दोष लोगों की जान जाती है, बल्कि निवेश और व्यापार भी प्रभावित होते हैं। आतंकवाद समाज को कट्टरपंथ की ओर धकेलता है और युवाओं को उन अवसरों से वंचित करता है, जिनके वे हकदार हैं।

आतंकवाद से निपटने दोहरे मापदंड नहीं अपनाएं | आतंकियों के मददगारों की भी जवाबदेही तय करें


एससीओ की शासनाध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक में राजनाथ सिंह

सुरक्षा से निवेश के अवसर पैदा होते हैं

राजनाथ सिंह ने कहा कि सुरक्षा से निवेश के अवसर पैदा होते हैं, संपर्क से व्यापार को बढ़ावा मिलता है और इन दोनों के माध्यम से लोगों के लिए नए अवसर तैयार होते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ऐसा शंघाई सहयोग संगठन चाहता है जो सदस्य देशों के बीच सहमति से काम करे और ठोस परिणाम दे। भारत इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए सभी सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करता रहेगा।

आतंकवाद को सही नहीं ठहराया जा सकता

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट कहा कि आतंकवाद को किसी भी परिस्थिति में सही नहीं ठहराया जा सकता। इससे निपटने में दोहरे मापदंड नहीं अपनाए जा सकते। आतंकवादियों को आर्थिक मदद देने, उनका समर्थन करने या उन्हें सुरक्षित ठिकाने उपलब्ध कराने वालों के लिए भी कोई जगह नहीं होनी चाहिए। आतंकियों के मददगारों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि आतंकवाद के पूरे तंत्र को मजबूती और सामूहिक प्रयासों से समाप्त किया जाना चाहिए।

मुंबई पहुंचे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का बड़ा बयान

वेनेजुएला से अधिक कच्चे तेल के आयात व प्रसंस्करण पर रिलायंस संग करेंगे चर्चा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका, वेनेजुएला से अधिक कच्चे तेल के आयात और जामनगर स्थित रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की रिफाइनरी में इसके प्रसंस्करण को लेकर कंपनी के साथ बातचीत करेगा। यह मुद्दा इसलिए महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि अमेरिका ने वेनेजुएला के तेल क्षेत्रों का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है। इन तेल क्षेत्रों से भारी कच्चे तेल का उत्पादन होता है, जिसे अधिकांश रिफाइनरियों में प्रसंस्कृत नहीं किया जा सकता। गुजरात के तट पर स्थित रिलायंस की रिफाइनरी में इस भारी कच्चे तेल के प्रसंस्करण के लिए आवश्यक तकनीकी क्षमता मौजूद है। रुबियो ने मुंबई पहुंचने के बाद भारत की अपनी तीन दिवसीय यात्रा शुरू की। मंगलवार को मुंबई में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और मार्को रूबियो की मुलाकात हुई। इस मुलाकात के दौरान अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी मौजूद रहे। 2026 में रुबियो की यह भारत की दूसरी यात्रा है।

दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करेंगे

व्यापार, ऊर्जा, निवेश, रक्षा क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाएंगे



मुंबई में मार्को रुबियो की विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ बैठक हुई। इस दौरान बातचीत में व्यापार वार्ता, ऊर्जा सहयोग, प्रौद्योगिकी साझेदारी, महत्वपूर्ण खनिजों और रूसी तथा वेनेजुएला के कच्चे तेल के आयात से जुड़े नीतिगत मुद्दों पर चर्चा हुई। भारत और अमेरिका से व्यापार, ऊर्जा, निवेश, रक्षा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। वहीं, विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमने अपने संबंधों को और आगे बढ़ाने पर चर्चा की, जिसमें व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, रक्षा और लोगों के बीच आपसी संबंधों पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही, क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

रूसी तेल का विकल्प बनेगा वेनेजुएला

अमेरिका की कोशिश है कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरत का तेल वेनेजुएला से भी खरीदे। यही वजह है कि अमेरिका चाहता है कि भारत की दिग्गज तेल रिफाइनिंग कंपनी रिलायंस वेनेजुएला में तेल शोधन का काम करे। अभी अमेरिका ने भारत द्वारा रूस से तेल खरीद पर नरम रुख अपनाया हुआ है। भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि भारत जैसे देश ने स्वेच्छा से अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाई है, जो एक समझदारी भरा कदम है। लेकिन वे अब भी रूस से काफी मात्रा में ऊर्जा खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक दिन से दूसरे दिन ऊर्जा आपूर्ति के स्रोत को बदलना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण सहयोगी और साझेदार भी है।

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से की चर्चा



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मुंबई में अमेरिकी कांग्रेसनल प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों को आगे बढ़ाने में प्रतिनिधिमंडल की सकारात्मक सोच और रुचि की सराहना करता हूं। हमने विशेष रूप से हमारे संबंधों के व्यापार, ऊर्जा, सुरक्षा और प्रौद्योगिकी पहलुओं पर चर्चा की। इसके अलावा, भारत में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारे सहयोग को और गहरा करने के बारे में भी बात हुई।

रूबियो ने 26/11 मेमोरियल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए



आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता का संदेश देते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मुंबई के ताज होटल में बने 26/11 मेमोरियल पर पुष्पचक्र अर्पित किया। 2008 में हुए इस आतंकी हमले में पाकिस्तानी आतंकियों ने 6 अमेरिकी नागरिकों समेत 166 लोगों की जान ले ली थी। रूबियो ने 'एक्स' पर कहा कि ताज महल पैलेस होटल में, मैंने 26 नवंबर, 2008 के भयानक आतंकी हमलों के पीड़ितों - जिनमें 6 अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे - को श्रद्धांजलि देते हुए पुष्प चक्र अर्पित किया। हम उन लोगों को याद करते हैं जिन्हें हमने खो दिया, उन लोगों के साहस का सम्मान करते हैं जिन्होंने उस समय साहस दिखाया, और अमेरिका-भारत की मजबूत साझेदारी तथा आतंकवाद से लड़ने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को फिर से दोहराते हैं।

आज एमओयू की संभावना

कतर से डिफेंस डील करने जा रहे पाक-तुर्किये, इंडोनेशिया भी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में ईरान के साथ जारी जंग के बीच कतर अपनी रक्षा ताकत बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। इसी कड़ी में तुर्किये, पाकिस्तान, कतर और इंडोनेशिया के बीच रक्षा उद्योग में सहयोग को लेकर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। तुर्किये के रक्षा मंत्री यासर गुलेर मंगलवार को कतर पहुंचे। बुधवार को चारों देशों के बीच समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। इस पहल में इंडोनेशिया भी शामिल है। भारत के लिए यह घटनाक्रम इसलिए अहम है, क्योंकि तुर्किये पहले से पाकिस्तान की मदद कर रहे हैं। तुर्किये ड्रोन और दूसरे सैन्य उपकरण बनाता है और पाकिस्तान को देता रहा है। अगर नई डील के तहत संयुक्त उत्पादन या तकनीक साझा करने की व्यवस्था बनती है, तो दोनों देशों को रक्षा क्षेत्र में नए अवसर मिल सकते हैं।


इंडोनेशिया, तुर्किये, पाकिस्तान और कतर के प्रमुख

मक्का पैक्ट से अलग है ये समझौता

इस डील को समझने के लिए मक्का पैक्ट और कतर में होने वाले समझौते के अंतर को जानना जरूरी है। मक्का पैक्ट में सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान शामिल हैं। यह सामूहिक रक्षा से जुड़ा समझौता है, जिसमें किसी एक सदस्य पर हमला होने की स्थिति में दूसरे देश युद्ध में उतर सकते हैं। इसके उलट, कतर में होने वाली नई डील का घोषित मकसद रक्षा उद्योग में सहयोग बढ़ाना है। इसमें जॉइंट प्रोडक्शन, टेक्नोलॉजी शेयरिंग या रक्षा कंपनियों में निवेश जैसे विकल्प हो सकते हैं।

खबर संक्षेप

सोने की खदान ढहने से कोलंबिया में 14 की मौत

बोगोटा। कोलंबिया के नरीनो प्रांत के एक सुदूर इलाके में सोने की एक अवैध खदान ढहने से कम से कम 14 खनिकों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। नरीनो की प्रांतीय सरकार ने बताया कि सोमवार को सांता बारबरा डी इस्कुआंडे नामक छोटे कस्बे के पास यह हादसा हुआ और रात को खोज एवं बचाव अभियान समाप्त कर दिया गया।

मस्जिद में अनैतिक कृत्य के लिए 2 को फांसी


मक्का। सऊदी अरब ने मक्का की एक मस्जिद के अंदर अनैतिक कृत्य करने के दोषी दो बांग्लादेशी नागरिकों को फांसी दे दी है। सऊदी अरब के गृह मंत्रालय के अनुसार, ये मौत की सजा मक्का क्षेत्र में दी गई। जिन लोगों को फांसी दी गई, उनकी पहचान नजरुल इस्लाम अब्दुल बशीर और सिती अख्तर के रूप में हुई है।

रूस-यूक्रेन में संघर्ष विराम की उम्मीद

शांति वार्ता के लिए जेलेंस्की नॉर्वे पहुंचे, ईयू नेताओं से होगी बातचीत

एजेंसी ▶▶ कीव


राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की नॉर्वे के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए मंगलवार को ओस्लो पहुंचे। वे युद्ध समाप्त करने के विषय पर अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूतों और यूरोपीय नेताओं के साथ भी चर्चा करेंगे। इससे पहले रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने पर बातचीत के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ नॉर्वे पहुंचे। उनके सहयोगी जेरेड कुशनर फ्लू से पीड़ित होने के कारण इस बातचीत में ऑनलाइन शामिल होंगे।


ओस्लो में विमान से उतरते जेलेंस्की

यूएन में भारत की दो टूक

कहा- आतंकियों तक न पहुंचे संवेदनशील हथियार तकनीक

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क


सांसद आलोक सुमन

संयुक्त राष्ट्र में भारत ने आतंकवादियों के हाथों में सामूहिक विनाश के हथियार पहुंचने के खतरे पर गंभीर चिंता जताई है। भारत ने वैश्विक समुदाय से दोहरे उपयोग वाली और संवेदनशील तकनीक के हस्तांतरण पर सतर्कता बरतने की अपील की। साथ ही परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए सार्वभौमिक, गैर-भेदभावपूर्ण और सत्यापन योग्य कानूनी ढांचा बनाने, परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का फैसला इंसानों के हाथ में रखने और संयुक्त राष्ट्र की वित्तीय स्थिति सुधारने की जरूरत पर जोर दिया।

फ्रांस में बढ़ती महंगाई और सार्वजनिक सेवाओं की कमी के विरोध में पेरिस में हिंसा

प्रदर्शनकारियों ने 4 करोड़ से ज्यादा की ई-बाइक जलाईं

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस में बढ़ती महंगाई और सार्वजनिक सेवाओं के लिए अपर्याप्त फंड को लेकर चल रहे विरोध-प्रदर्शनों के बीच राजधानी पेरिस की सड़कों पर हिंसा की घटनाएं देखने को मिली हैं। अफरा-तफरी के माहौल में कई जगह इलेक्ट्रिक बाइकें जलती हुई दिखाई दीं। इस हिंसा से साइकिल और स्कूटर सेवा देने वाली कंपनियों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। देश भर में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान सैकड़ों वाहन नष्ट हो गए या क्षतिग्रस्त हो गए हैं। शेयर मोबिलिटी सेवा देने वाली कंपनी 'डॉट' ने बताया कि ुल नुकसान लगभग 400000 यूरो (450000 डॉलर) का हुआ है।


प्रदर्शन के दौरान जली हुई ई-बाइक

प्रशासन की सख्ती के बाद हालात नियंत्रण में

फ्रांस के कई शहरों में जारी हिंसा और झड़प को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए। प्रशासन ने कर्फ्यू लगाकर स्थिति को नियंत्रित किया । फ्रांस के पीएम सेबेस्टियन लेकोर्नू ने शांति व्यवस्था के लिए अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लक्षित क्षेत्रों में लगाए गए कर्फ्यू की वजह से हालात काफी हद तक शांत रहे। मैं उन पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा बल के जवानों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने कर्फ्यू को प्रभावी ढंग से लागू कराया। साथ ही, मैं प्रशासनिक अधिकारियों का भी आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने पूरी सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाईं।लिमोगेस शहर में टाउन हॉल को आग लगा दी गई, जबकि 3000 से ज्यादा दुकानों में लूटपाट की गई।

ई-बाइक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा

पूरे पेरिस में हजारों साइकिलें सड़कों और डॉकिंग स्टेशनों पर मौजूद हैं। इससे प्रदर्शनकारियों के लिए इन्हें हासिल करना आसान हो गया और उन्होंने इनका इस्तेमाल बैरिकेड बनाने या इन्हें आग लगाने के लिए किया। इलेक्ट्रिक बाइक में अक्सर लिथियम-आयन बैटरी का इस्तेमाल होता है, जिनमें आग लग सकती है और इनसे बहुत ज्यादा गर्मी और जहरीला धुंआ निकल सकता है। ऐसी आग तेजी से फैल सकती है, जिससे हिंसक प्रदर्शनों के दौरान जलती हुई ई-बाइक एक बड़ा सुरक्षा खतरा बन सकती हैं।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28